ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

संधारणीय कृषि और ग्रामीण विकास की चुनौतिया एवं संभावनाएं – एक विश्लेषण

Mk- vkj- d- vkpk;
प्राचार्य, एम.जी.पी.जी. कॉलेज, करेली, अधिष्ठाता, वाणिज्य, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है। सरकार ने अब मानना शुरू किया है कि देश का आर्थिक विकास ग्रामीण एवं कृषि के वगैर संभव नहीं हैं। इसलिए वर्ष 2022 तक किसान की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि का महत्व आर्थिक कारणों से ही है आज भी देश की कुल जी. डी. पी. में कृषि का 16 प्रतिशत एवं रोजगार में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गत् वर्षो में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय कृषि अनुशंधान और कृषि वैज्ञानिकी किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विचार कर रहे है। प्रकृति पर निर्भरता के कारण खेती सदैव ही एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। भारत कृषि सबृद्धि की अस्थिरता में समय के साथ–साथ काफी कमी आई है। 1960 और 2004 के बीच 6.3 प्रतिशत के मानक विचलन से 2004 में 2.9 प्रतिशत हुई है। इस सबके वाबजूद आज भी कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की केन्द्र बिन्दु व भारतीय जीवन की घुटी है। आर्थिक जीवन का आधार, रोजगार का मुख्य स्त्रोत एवं वैश्विक मुद्दा अर्जन का माध्यम होने के कारण देश की आधारशिला कृषि को कहा जाता है। लेकिन वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में कृषि को व्यवहार्य व्यवसायों में प्रवेश करने एवं निर्माण में सहभागिता के लिए कठिन माना जा रहा है। भूमि और बाजारों तक सीमित पहुंच, हाईपर भूमि मूल्य, मुद्रा स्वीकृति, उच्च इनपुट लागत, तेजी से अप्रत्याशित और अधिक बदलते मौसम की परिस्थितियां और पर्याप्त तकनीकी नेटवर्क की अनुपलब्धता ने कृषि उद्यमियों के सामने अनेकों बाधाएं खड़ी की है।

कृषि की मूल अवधारणा में सूर्य, वायु, मिट्टी, पोषक तत्व और पानी हैं। इनमें पानी, मिट्टी, पोषक तत्व पर किसान का हस्तक्षेप सर्वाधिक रहता है। सूर्य और वायु पर अभी प्रयोग अत्यल्प रूप में है। आने वाले वर्षो में खेती के स्वरूप की वैज्ञानिक पद्धति जिसमें विविधतापूर्ण अर्थ आधारित कृषि, ग्रामीण जीवन स्तर को उच्च स्तर पर ले जाने की सामाजिक संरचना एवं प्रकृति की विद्धमान और आने वाली कठिनाईयों पर विजय पाना तथा रासायनिक एवं भौतिक कृषि के कारण मानवीय संसाधन एवं स्वास्थ्य को सुधार की ओर ले जाना आदि प्रयास गंभीर चुनौतियां है। शारीरिक, आर्थिक, पारिस्थितिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक आयामों को पहचानने एवं उनमें स्थिरता तथा संधारणीय कृषि, जो कि पादप एवं जानवरों के उत्पादन की समन्वित प्रणाली को आने वाले दो दशकों में पर्यावरणीय सिद्धान्तों को ध्यान में रखकर प्रयोग की आवश्यकता है।

भारत सरकार की राष्ट्रीय कृषि में 2020 तक 4 प्रतिशत सालाना कृषि विकास का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें मुख्यतः तीन कारकों प्रौद्योगिकियों, वैश्वीकरण तथा बाजार को केन्द्र में रखा गया है। लेकिन इनको पाने के लिए भविष्य के शोध और शिक्षा को अभी तक कृषि क्षेत्र के लिए तय नहीं किया गया हैं। यह चिन्तनीय है। देश के कृषि उत्पादों की मांग के साथ तालमेल तथा दीर्धकालीन उत्पादन लक्ष्यों को सुनिश्चित करने की आवश्यकता और लाभदायकता महत्वपूर्ण है। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने खाद्ध सुरक्षा सुनिश्चित करने और उद्योग एवं सेवाक्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विकास की यह प्रक्रिया, अन्य बातों के साथ–साथ सकल मूल्य वर्धन (जीबीए) में कृषि के गिरते हिस्से में परिणित होती है, जो भारत में भी देखी जा रही है। कृषि में संरचनागत परिवर्तनों के चलते, उत्पादकता में सुधार लाने और सतत् विकास के अवसरों के लिए कृषि से संबंधित क्रियाकलापों को व्यापक बनाने की कड़ी संभावनाएं हैं।

कृषि और सहबद्ध क्षेत्रों की विकास दरों में उतार चढ़ाव होता रहा है जो 2012–13 में 1.5 प्रतिशत, 2013–14 में 5.6 प्रतिशत, 2014–15 में (–)0.2 प्रतिशत, 2015–16 में 0.7 प्रतिशत और 2016–17 में 4.94 प्रतिशत रहा। इस सबका मूल कारण भारतीय कृषि वर्षा पर आश्रित रहती है। जो उत्पादन जोखिमों को बढ़ा देता है। देश ने 2016–17 में 275.7 बिलियन टन के स्तर पर खाद्यान का रिकार्ड उत्पादन हासिल किया जो 2013–14 में खाद्यान के पिछले रिकार्ड उत्पादन की तुलना में 10.6 मिलियन टन अधिक रहा।

कृषि अनुसंधान और विकास, नवाचार का मुख्य स्त्रोत होता है जो दीर्घावधि में सतत् कृषि उत्पादकता बृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। डी.ए.आर.आई./आई.सी.ए.आर. का वास्तविक वाय जो 2010–11 में 5393 करोड़ रूपये था, से बढ़ाकर 2017–18 में 6800 करोड़ रूपये (ब.अ.) हुआ है। अर्थात् सरकार के ध्यान में कृषि क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रचारकों में बढ़ोत्तरी हुई है। भारत कृषि क्षेत्र, संरचनात्मक परिवर्तनों का अनुभव कर रहा है जो नई चुनौतियों और अवसरों को खोल रहा हैं। सरकार ने कृषि विपणन क्षेत्रों में कई सुधार कार्य किए है। फिर भी कृषि और सम्बद्ध क्षेत्र का रूपान्तरण, मूल्य व्यापार, जलवायु स्मार्ट कृषि का अंगीकरण, छोटे, सीमान्त और महिला किसानों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है तभी भारत में समावेशी आर्थिक विकास में कृषि क्षेत्र, व्यापक आधार वाले विकास का इंजन बन सकेगा जो कि असमानताओं को कम करेगा और खाद्ध सुरक्षा के साथ आर्थिक संबल का मुख्य स्त्रोत बनेगा।

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

Hkkjrh; vFk0;oLFkk ij vkfFkd mnkjhdj.k d vudy iHkko

Mk- lt; frokjh
विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

विश्व के बदलते आर्थिक परिदृश्य के साथ कदमताल करने वाले भारत ने आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत 1991 में की। वर्तमान में आर्थिक उदारीकरण को प्रारंभ हुए डेढ़ दशक से अधिक का समय पूरा हो चुका हे। इस दौरान अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संरचनात्मक बदलाव किए जा चुके हैं। आर्थिक उदारीकरण के प्रारंभ में अर्थव्यवस्था पर सबसे अच्छा प्रभाव तात्कालिक 1991 के खाड़ी युद्ध से उपजे आर्थिक संकट से निपटना रहा। अर्थव्यवस्था के जिन क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों को लागू किया गया, उन सभी में इसका प्रभाव स्पष्ट रू से नजर आया। वर्तमान में आर्थिक उदारीकरण के प्रभावों पर बारीकी से दृष्टिपात करें तो पाते हैं कि अर्थव्यवस्था का तीव्र विकास उदारीकरण की बड़ी उपलब्धि है। आज भारत की अर्थव्यवस्था की गिनती विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था में होती है। भारत दुनिया का चौदहवां सबसे अमीर देश है। विश्व के सभी विकसित देश भारत में निवेश भी विश्व के अनेक देशों में तेजी से बढ़ रहा है। ब्रिटेन में भारत दूसरा सबसे बड़ा निवेशक देश है। भारत के उद्योगपति अन्य देशों में बड़ी कंपनियों का अधिग्रहण करने लगे हैं। उदारीकरण की उपलब्धियों के कारण भारत के निकट भविष्य में विकसित देश बनने की संभावना बल पकड़ने लगी है। इन सबके बावजूद आज भी अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्र उपेक्षित हैं। आर्थिक उदारीकरण से लाभान्वित नहीं होने वाले क्षेत्रों में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था प्रमुख है। भारत की अधिकांश जनसंख्या इन्हीं क्षेत्रों पर निर्भर है, किंतु आर्थिक उदारीकरण का इन क्षेत्रों पर अनुकूल प्रभाव नहीं पड़ने के कारण इनसे संबंध क्षेत्र और लोग विका की दृष्टि से समृद्ध नहीं हो सके हैं। ग्रामीण परिवेश का समृद्ध क्षेत्र नहीं होना बीता है अभी भी इन क्षेत्रों की ओर ध्यान केंद्रित कर इन्हें उदारीकरण से जोड़ा जा सकता है। दिसम्बर, 2006 में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने आर्थिक और क्षेत्रीय विषमता को कम करने की दिशा में पहल की है, यह कार्य तभी संभव है जब देश है कि आर्थिक उदारीकरण से सभी राज्य समान रूप से लाभान्वित नहीं हो सके हैं। मध्यप्रदेश जैसे कई राज्य ऐसे हैं जो आज तक भी उदारीकरण के लाभों के लिए प्रतीक्षारत हैं। सार रूप में देखें तो डेढ़ दशक की समयावधि में अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्र आर्थिक उदारीकरण से प्रभावित हुए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था पर आर्थिक उदारीकरण के प्रभाव इस प्रकार हैं –

vFk0;oLFkk ij mnkjhdj.k d vudy iHkko %&

आर्थिक उदारीकरण के प्रारंभिक वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था चौराहे पर खड़ी थी। उदारीकरण से जिन संभावनाओं की अधिक उम्मीद थी, उनके आसार नजर नहीं आ रहे थे। यह तो मानना पड़ेगा कि भारत विश्व के बड़े बाजारों में एक है। विश्व की अर्थव्यवस्था में इसका प्रमुख स्थान प्राकृतिक और मानव संसाधनों की बहुलता के कारण है। तत्कालीन अमरीकी वाणिज्य मंत्री विलियम डेली के अनुसार इक्कीसवीं शताब्दी में भारत विश्व की एक आर्थिक ताकत बन जाएगा। बिल क्लिंटन प्रशासन ने भारत को दुनिया के दस सबसे बड़े उभरते बाजारों में से एक बताया। भारत इक्कीसवीं शताब्दी में आर्थिक शक्ति बनने की दहलीज पर खड़ा है। बशर्ते वह उचित नीतियों का निर्धारण कर सके।

आर्थिक उदारीकरण लागू किए जाने के बाद उनके बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में प्रवेश कर चुकी हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां आर्थिक रूप से सुदृढ़ होती है। ये कंपनियां चंद विकसित राष्ट्रों की देन हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां विकासशील राष्ट्रों का मनमाना शोषण करने से नहीं चूकती हैं। आज भारतीय उद्योगपति बहुराष्ट्रीय कंपनिया से प्रतिस्पर्द्धा करने की स्थिति में नहीं है। इसी कारण कई क्षेत्रो में भारतीय उद्योग धीरे–धीरे बंद हो रहे हैं। जो प्रतिस्पर्द्धा में नहीं टिक पाने के कारण घाटे की समस्या से ग्रसित हैं, वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से समझौता करने के लिए मजबूर है।

बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन से भारत की अर्थव्यवस्था कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, बेरोजगारी, स्वदेशी उद्योगों के आस्तित्व का संकट, उपभोक्ताओं का शोषण, विदेशों को धन प्रोण, पुरानी तकनीक का हस्तांतरण, क्षेत्रीय असंतुलन आदि समस्याओं से घिर गई है। इन समस्याओं से निपटने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करना होगा। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को ऐसे क्षेत्रों में ही आमंत्रित करना चाहिए

जिनकी तकनीक भारत में उपलब्ध नहीं हो। उपभोक्ता वस्तु उद्योग के क्षेत्र में कंपनियों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए।

आर्थिक सुधारों से क्षेत्रीय विषमता की समस्या जोर पकड़ने लगी है। अधिकतर विदेशी पूंजी निवेश महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों तक ही सीमित रहा है। उदारीकरण के दौर में सार्वजनिक निवेश तो सर्वत्र कम होता जा रहा है। देश के कई राज्य स्वयं भी असंतुलित विकास के शिकार हैं। असंतुलित विकास से जन असंतोष की भावना पनपती है। आर्थिक सुधारों से गरीबी दूर करने में मदद नहीं मिली है। उल्टे बेरोजगारी के बढ़ने से गरीबी की समस्या गंभीर हो गई है। गांवों में गरीबी की समस्या अधिक जटिल है। नए फार्मूले के अनुसार वर्ष 1993–94 में 35.97 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन बसर के लिए अभिशप्त थे। आर्थिक सुधारों के दौर में ग्रामीण परिवेश में पूंजी निवेश में वृद्धि नहीं हुई, जबकि बड़ी आबादी आज भी गांवों में ही रहती है। उनकी सुध लिए बिना भारत की खुशहाली संभव नहीं है।

भारत विश्व का बड़ा ऋणी देश है। भारत पर कुल विदेशी ऋण वर्ष 1990 में 75.8 अरब डॉलर था जो बढ़कर 1995 में 99 अरब डॉलर तक जा पहुंचा। आर्थिक उदारीकरण के दौर में भारत की अर्थव्यवस्था राजनीतिक अस्थिरता का भी शिकार हुई। बार–बार केंद्र में सरकारों के बदलने के वित्तीय भार जनता पर पड़ा। राजनीतिक अस्थिरता का अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बीच में आर्थिक सुधारों की गति धीमी पड़ी। पूंजी बाजार मंदी का शिकार हुआ तथा रूप्या डॉलर के मुकाबले टूटा। देश की औद्योगिक विकास दर वर्ष 1995–96 में घटकर केवल 6.7 प्रतिशत रह गई। निर्यात क्षेत्र को भी धक्का लगा। देश का निर्यात 20 प्रतिशत से घटकर 4 प्रतिशत पर आ गया। उपभोक्ता वस्तु उद्योगों की प्रगति दर तेजी से गिर गई। निर्माण क्षेत्र में भी वृद्धि दर धीमी हुई।

भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 1990–91 में ऋणों में वृद्धि से उत्पन्न आर्थिक संकट से चरमरा उठी थी। भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार रसातल तक पहुंच गया था। आर्थिक स्थिति इस कदर बिगड़ गई थी कि अनेक महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय स्थगित करने पड़े। भुगतान संतुलन को ठीक करने के लिए हमें मजबूरन संचित स्वर्ण विदेशों में गिरवी रखना पड़ा।

संकट से निपटने के लिए आर्थिक सुधारों को लागू करना आवश्यक हो गया। देश में जुलाई 1991 से आर्थिक सुधारों की शुरूआत की गई। आर्थिक सुधारों को लागू किए डेढ़ दशक से अधिक हो चुका है। आर्थिक सुधारों का महत्वपूर्ण चरण पूरा हो चुका है। आर्थिक सुधारों का दूसरा चरण भी गति पकड़ चुका है। आर्थिक उदारीकरण के प्रारंभ में डॉ. मनमोहन सिंह ने राव सरकार में वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों के परिचायक बजट लोकसभा में पेश किए बाद की सरकारों ने भी आर्थिक सुधारों को गति दी।

उदारीकरण के वर्षों में भारत ने विषम आर्थिक स्थिति से निपटने के लिए अर्थव्यवस्था में संरचना संबंधी मूलभूत बदलाव किए। जुलाई 1991 में भारतीय रूपये का अवमूल्यन किया गया। रूपये को विश्व की प्रमुख मुद्राओं तथा पौण्ड, स्टर्लिंग, अमरीकी डॉलर, जर्मन मार्क, जापानी येन, फ्रांक के मुकाबले सस्ता किया गया। यह गंभीर कदम विदेशी मुद्रा जुटाने तथा निर्यात बढ़ाने के लिए उठाया गया। इससे पूर्व भारत ने सन 1949 और 1966 में रूपये का अवमूल्यन किया था।

rLdjh ij jkd %& भारत सरकार ने 6 महीने विदेश में रहने के बाद भारत लौटे रहे किसी भी भारतीय नागरिक को अधिकतम 100 किलोग्राम चांदी के आयात पर 500 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से विदेशी मुद्रा में सीमा शुल्क का भुगतान करना तय किया। सरकार के इस निर्णय से चांदी की तस्करी कम हुई। अप्रवासी भारतीयों को दी जाने वाली रियायतों में वृद्धि की गई। अप्रवासी भारतीयों की जमा राशि पर ब्याज दर में वृद्धि की गई। भारत में रोजगार के लिए लौटने वाले अप्रवासी भारतीयों को फैरा के तहत विदेशी मुद्रा से अपने खाते या संपत्ति की घोषणा की जरूरत नहीं है। स्थायी रूप से लौटने वाले अप्रवासी भारतीयों को किसी भी बैंक में किसी भी सीमा में विदेशी मुद्रा में खाता खोलने की सुविधा है। वर्ष 1992–93 के केंद्रीय बजट में विदेश से लौट रहे अप्रवासी भारतीयों को प्रति यात्री 5 किलोग्राम सोना लाने की छूट दी गई। इस निर्णय से सोने की तस्करी कम हुई।

औद्योगिक नीति में क्रांतिकारी बदलाव किया गया है। आर्थिक संविधान समझी जाने वाली सन 1956 की औद्योगिक नीति को बड़ी सीमा तक इतिहास के हवाले कर दिया गया है। लाइसेन्स राज समाप्त करने के कदम उठाए गए, जिसने अब ज्यादातर उद्योगों के

लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं रही। प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश की सीमा में वृद्धि की गई। उच्च प्रौद्योगिकी के निर्धारित क्षेत्रों में शत–प्रतिशत विदेशी इक्विटी का प्रयोग किया जा सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का दायरा सिमट गया है। अब देश के उद्योगों के समक्ष आधुनिक व गतिशील अर्थव्यवस्था की चुनौती की स्थिति बनी है। व्यापार नीति में भी व्यापक बदलाव किया गया है। उदारीकरण के प्रारंभ में पहली बार 1992–97 के लिए दीर्घावधि आयात–निर्यात नीति की घोषणा की गई। इसमें कई वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी गइ। अब निर्यातक निर्यात संवर्द्धन के उद्वेश्य से कतिपय सामानों का ही आयात कर सकते हैं।

पूंजी बाजार में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए सूचीबद्ध कंपनियों में भारतीय प्रवर्तकों को अंश पूंजी को आम निवेशकों से जुटाया जाएगा। देश के प्राथमिक और द्वितीयक पूंजी बाजार को विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खोल दिया गया है।

आर्थिक उदारीकरण के बाद भारत में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति लगभग नियंत्रण में रही। आर्थिक सुधारों से पूर्व तीव्रता से बढ़ी मुद्रास्फीति से मध्यम वर्ग तक चपेट में आ गया था। आज भारत में मुद्रास्फीति विश्व में तुलनात्मक रूप से कम तो है लेकिन फुटकर मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अधिक बनी हुई है, इसलिए देश के बहुसंख्यक गरीब महंगाई की मार नहीं झेल पा रहे हैं। आर्थिक सुधारों के दौरान राजकोषीय घाटे को सीमित करने का प्रयास किया गया। राजकोषीय घाटा सन 1990–91 में सकल घरेलू उत्पाद का 8.3 प्रतिशत था, जो 1992–93 में 5.7 प्रतिशत रह गया, लेकिन यह 1993–94 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत और 1994–95 में 6.1 प्रतिशत रहा।

सकल घरेलू उत्पाद सन 1990–91 में 0. प्रतिशत तक गिर गया था। आर्थिक सुधारों के दौर में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की प्रवृति दृष्टिगोचर हुई। सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 1992–93 में 5.2 प्रतिशत, 1993–94 में 6 प्रतिशत, 1994–95 में 6.9 प्रतिशत तथा 1995–96 में 7 प्रतिशत रही।

आर्थिक सुधार लागू किए जाने के बाद निर्यातों में वृद्धि तो हुई, लेकिन यह दीर्घजीवी नहीं हो पाई। मुद्रास्फीति के इकाई में बने रहने, विदेशी पूंजी निवेश में वृद्धि, औद्योगिक विकास तथा रूपये की विनिमय दर में लचीलापन लाए जाने से भारतीय वस्तुओं के निर्यात में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है। रूपये में निर्यात वृद्धि दर 1991–92 के बाद से दहाईयों में बढ़ रही है लेकिन 1998–99 में निर्यात वृद्धि दर में 7.4 प्रतिशत तक गिरावट आई। यहां तक कि जहां गत कई वर्षों में निर्यातों में वृद्धि से व्यापार घाटे में कमी हुई थी, वहीं व्यापार घाटा 1999–2000 में फिर से बढ़कर 55675 करोड़ रूपये हो गया। इसका कारण आयातों में लगातार तीव्र वृद्धि होना है।

आर्थिक उदारीकरण की सफलता विदेशी विनिमय कोष में वृद्धि के रूप में दृष्टिगोचर हुई सर्वविदित है कि भारत का विदेशी विनिमय कोष 1991–92 गंभीर संकट की स्थिति में पहुंच गया था। दिसंबर 1996–97 में विदेश विनिमय भण्डार 24.11 अरब डॉलर था। इसमें स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार और विदेशी विनिमय सम्मिलित है। 24 अक्टूबर 1997 को भारत का विदेशी विनिमय भण्डार उस समय तक के 30.01 अरब डॉलर की रिकार्ड ऊँचाई तक पहुंच गया।

xHkhj foRrh; ladV dk dkj.k ¼& विदेशी मुद्रा भण्डार अर्थतंत्र की मजबूती की गारंटी नहीं हो सकता। संस्थागत विदेशी निवेशक जब चाहे मुंह फेर लें, अप्रवासी भारतीयों ने जो धन भारत की बैंको में जमा कराया है वह जब चाहे वापस निकाला जा सकता है, और फिर आयात का तेजी से बढ़ना और निर्यात में वृद्धि दर के घटने का विदेशी मुद्रा कोष पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

कुछ वर्षों पूर्व मैक्सिकों में बहुत बड़ा संकट पैदा हो गया था। बाद के वर्षों में दक्षिण पूर्व ऐशियाई देश गंभीर संकट की स्थिति में फंस गए थे। दक्षिण कोरिया को दिसम्बर 1997 में मुद्रा का 50 प्रतिशत अवमूल्यन करना पड़ा। ऐसी स्थिति में भारत को आर्थिक उदारीकरण के मार्ग पर फूंक–फूंक कर कदम रखना पड़ा।

भारत को आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। गरीबी और बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए पूंजी निवेश को ग्रामीण परिवेश की ओर मोड़ने की आवश्यकता है। गरीबी उन्मूलन योजनाओं को प्रासंगिक बनाने की आवश्यकता है।

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

Hkkjrh; vFk0;oLFkk e: d`f"k dh Hkfedk ,o: v:'knku

vfHk"kd JhokLro
शोधकर्ता, (वरिष्ठलेखापाल शिक्षा मंडल, एवं आंतरिक अंकेक्षक जी.एस.कॉलेज, जबलपुर)

i`Lrkouk %& कृषि को तीन भागों में बांटकर समझा जा सकता है, (1) अनाज, चावल, गन्ना, चाय, कॉफी और विभिन्न खाद्य सामग्री जो कि मिट्टी की खेती के रूप में आता है। (2) पशुधन की देखभाल से संबंधित जिसमें शामिल हैं दूध, मांस एवं अंडों के लिए पोल्ट्री, मानव उपयोग के लिये मछली पालन आदि। (3) घरेलु खपत एवं विपणन के लिये बढ़ते हुये पेड़ और जड़ी बूटियॉ, फल और सब्जियॉ शामिल हैं, जिसमें तम्बाकू, सोयाबीन और विभिन्न प्रकार की जड़ भी सम्मिलित हैं। स्वतंत्रता के पहले कृषि पारंपरिक थी, लेकिन अब विकास युग में पहुंच गयी है। भारत में कृषि में नव–उदार नीति शासन प्रणाली के दो दशकों के दौरान महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं। ग्रामीण आजीविका के अनुसार कृषि अभी भी देश की कुल श्रम शक्ति से आधे से अधिक को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर रही है। परंतु कुल जी.डी.पी. में योगदान के आधार पर यह निरंतर कमी की ओर अग्रसर है। 1951 में जहॉं यह 52.2 प्रतिशत के उच्च स्तर पर थी, वहीं यह प्रतिवर्ष कम होते – होते 16 प्रतिशत तक आ गई है। स्पष्ट है कि कृषि प्रधान देश में संवृद्वि, कृषि से हटकर गैर–कृषि की ओर चली गई है। इसका प्रमुख कारण है कृषि श्रमिक बल के बहुत बड़े भाग का शिक्षा एवं कुशलता का अभाव एवं ग्रामीण युवको का कृषि से ध्यानभंगता के चलते शहरो की ओर रुख। अतः इस ओर ध्यान देते हुए कुछ कदम उठाये जाना आवश्यक हैं जैसे ग्रामीण आजीविका का संरक्षण, ग्रामीण गरीबी का न्यूनीकरण, आर्थिक स्थिरता बनाए रखना एवं खाद्य एवं पौषणिक सुरक्षाऍ प्रदान करना।

d`f"k dh Hkfedk %& कृषि अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र का गठन करती है। कृषि या उससे संबंधित अन्य व्यवसाय से प्राप्त होने वाली आय उद्‌भव काल से ही अर्थव्यवस्था की आय का मुख्य भाग है। इसमें काम करने वाले बहुत से लोग अपनी आजीविका कृषि क्षेत्र की गतिविधियों से ही प्राप्त करते हैं। भारत कृषि उत्पादन में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों जैसे वानिकी, लॉगिंग और मछली पकड़ने का सकल घरेलू उत्पाद का 17 प्रतिशत हिस्सा है। इस क्षेत्र ने वर्ष 1951 में 69.5 प्रतिशत एवं वर्ष 2014 में अपने कुल कर्मचारियों की संख्या में 49 प्रतिशत को रोजगार दिया। कृषि ने सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत हिस्सा लिया, और 2016 में देश के कुल कार्यबल का 59 प्रतिशत कार्यरत था। जैसा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में विभिन्न ओर विकास हुआ है, जीडीपी में कृषि का योगदान 1951 से लगातार घट गया है। 2011 तक, फिर भी यह देश का सबसे बड़ा रोजगार स्रोत है और इसके समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पांच साल की योजनाओं में कृषि पर विशेष जोर देने और सिंचाई, प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि पद्धतियों के अनुप्रयोग और कृषि ऋण के प्रावधान पर विशेष जोर देने के कारण, 1950 के बाद से सभी फसलों की फसल–उपज–प्रति–इकाई क्षेत्र में वृद्धि हुई है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय तुलनाओं से पता चलता है कि भारत में औसत उपज दुनिया में सबसे अधिक औसत उपज का 30 प्रतिशत से 50 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात और महाराष्ट्र भारतीय कृषि में प्रमुख योगदानकर्ता हैं।

भारत में औसत वार्षिक वर्षा 1,208 मिलीमीटर (47.6 इंच) और 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर की कुल वार्षिक वर्षा होती है, जिसमें सतह और भूजल सहित कुल उपयोग योग्य जल संसाधन होते हैं, जिनकी मात्रा 1123 बिलियन क्यूबिक मीटर है। 546,820 वर्ग किलोमीटर (211,130 वर्ग मील) भूमि क्षेत्र, या कुल खेती वाले क्षेत्र का लगभग 39 प्रतिशत सिंचित है। भारत के अंतर्देशीय जल संसाधन और समुद्री संसाधन मत्स्य क्षेत्र में लगभग छह मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। 2010 में, भारत में दुनिया का छठा सबसे बड़ा मछली पकड़ने का उद्योग था।

भारत दूध, जूट और दालों का सबसे बड़ा उत्पादक है, और 2011 में 170 मिलियन जानवरों के साथ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मवेशी आबादी है। यह चावल, गेहूं, गन्ना, कपास और मूंगफली के साथ–साथ दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। दूसरे सबसे बड़े फल और सब्जी उत्पादक, क्रमशः विश्व फल और सब्जी उत्पादन का 10.9 प्रतिशत और 8.6 प्रतिशत है। भारत 2005 में 77,000 टन का उत्पादन करने वाला

दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और रेशम का सबसे बड़ा उपभोक्ता रह चुका है। भारत काजू गुठली और काजू शेल तरल (सी.एन.एस.एल) का सबसे बड़ा निर्यातक है। काजू एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के आंकड़ों के आधार पर वर्ष 2011–12 के दौरान काजू की गुठली के निर्यात से देश द्वारा अर्जित विदेशी मुद्रा 4,390 करोड़ (43.9 बिलियन) पहुंच गई। वर्ष 2011–12 के दौरान 131,000 टन गुठली का निर्यात किया गया। केरल के कोल्लम में लगभग 600 काजू प्रसंस्करण इकाइयाँ हैं। 2015–16 और 2014–15 के फसल वर्ष (जुलाई–जून) दोनों के दौरान भारत का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 252 मिलियन टन रहा। भारत विशेष रूप से मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व और पूर्वी एशियाई देशों में बासमती चावल, गेहूं, अनाज, मसाले, ताजे फल, सूखे मेवे, कपास, चाय, कॉफी और अन्य नकदी फसलों जैसे कई कृषि उत्पादों का निर्यात करता है। इसकी निर्यात आय का लगभग 10 प्रतिशत इसी व्यापार से आता है। कृषि के माध्यम से खाद्यान्न तो उपलब्ध होता ही है, साथ ही अनेक प्रमुख उद्योगों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध होता है जैसे सूती वस्त्र उद्योग, जूट उद्योग, चीनी उद्योग, चाय उद्योग, सिगरेट उद्योग और तम्बाकू उद्योग, आदि। कृषि राष्ट्रीय आय का एक प्रधान स्रोत है। कृषिजन्य उत्पाद व्यापार (राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय) का एक अभिन्न एवं प्रमुख हिस्सा है। 'भारत' द्वारा चाय, कपास, तिलहन, मसाला, तम्बाकू आदि का विश्व–व्यापार होता है। कृषिजन्य उत्पादों के आंतरिक व्यापार से परिवहन कर और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से तटकर की आय में वृद्धि होती है, जो अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए नितांत आवश्यक है। "कृषि "संपूर्ण राष्ट्र को प्रभावित करती है। कृषि–उत्पादन मुद्रास्फीति दर पर अंकुश रखता है, उद्योगों को शक्ति प्रदान करता है, कृषक आय में वृद्धि करता है तथा रोजगार प्रदान करता है। कृषि का आर्थिक महत्व के साथ–साथ सामाजिक महत्व भी है। यह क्षेत्र निर्धनता उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है , क्योंकि इस क्षेत्र में अधिकांश निर्धन लोग ही कार्यरत हैं और यदि कृषि क्षेत्र का विकास होगा तो निर्धनता भी स्वतः समाप्त हो जायेगी। आज, भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर है, हालांकि बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न जरूरतों को पूरा करने का दबाव भी भारत पर निरंतर बढ़ता जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय पटल पर, विश्व भारतीय कृषि की ओर दृष्टि किए हुए है, भारत किस प्रकार इन चुनौतियों पर खरा उतरेगा, यह देखा जाना शेष है।

हमारे कृषक आज भी निरंतर कृषि की परम्परागत तकनीक का इस्तेमाल करते हैं और अधिकतर जीवन निर्वाह भी कृषि से ही करते हैं। वित्तीय बाधाएं छोटे कृषकों को उत्पादकता में वृद्धि करने हेतु खेती की आधुनिक पद्धति को अपनाने से रोकती है। भारत में कृषि अभी भी व्यापक रूप से सिंचाई हेतु मानसून पर निर्भर करती है। लगभग 60 से 70 प्रतिशत कृषि क्षेत्र निरंतर सिंचाई की अपेक्षा वर्षा के जल पर निर्भर रहता है। विपणन एवं भण्डारण व्यवस्था की कमी भी भारतीय कृषि की समस्याओं का बखान करती हैं।

fuEu mRikndrk d dkj.k %– भारतीय कृषि की उत्पादकता शेष विश्व के सापेक्ष निम्न रही है। निम्न उत्पादकता के कारण भूमि, श्रम व अन्य साधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है। निम्न उत्पादकता के निम्नलिखित कारण हैं–

1- HkkLokfeRo iFkd ,oa okLrfod d`"kd iFkd % ऐसी स्थिति में वास्तविक कृषक में अधिक उत्पादन हेतु प्रेरणा का अभाव हो जाता है।

2- [ksrksa dk NksVk vkdkj % कृषि क्षेत्र में 2 हैक्टेयर से कम आकार वाले खेतों की बाहुल्यता है। ऐसे खेतों पर आधुनिक कृषि पद्धति के माध्यम से कृषि नहीं की जा सकती है। दूसरे, सहकारी कृषि के माध्यम से छोटे खेतों को वृहत् आकार प्रदान करने एवं कृषि की आधुनिक पद्धति अपना कर उत्पादकता बढ़ाने के प्रयासों को पूर्ण उत्साह के साथ लागू नहीं किया गया। ऐसे खेतों पर कृषि मात्र जीवन निर्वाह के लिए की जाती है।

3- vYi iwath vkèkkj% अधिकांश कृषकों के पास पूंजी का अभाव है, जिसके कारण वे आधुनिक प्रौद्योगिकी के लाभों को नहीं उठा पाते हैं। अल्प पूंजी के कारण वे न तो सिंचाई सुविधाओं में निवेश कर पाते हैं और न ही फार्म–मशीनीकरण की दिशा में कदम उठा पाते हैं।

4- Hkkjrh; df"k dh ekulwu ij fuHkZjrk% भारतीय कृषि उत्पादन मानसून के प्रति अतिसंवेदनशील है। सही समय पर मानसून आने का अर्थ अच्छी फसल का होना है। यदि मानसून सही समय पर नहीं आता है तो फसल उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होता है।

5- vf/kd tula[;k ncko% आजादी के बाद भारत की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ी है। साथ ही भूमि पर जनसंख्या के दबाव में निरंतर वृद्धि हुई है। आजादी के पश्चात कृषि के अधीन नवीन भूमि लाने के बावजूद विगत वर्षों में प्रति व्यक्ति कृषि भूमि घटी है।

6. vk/kfud कृf"k lfoèkkvk dk vHkko% भारत में अल्प कृषि उत्पादकता की पृष्ठभूमि में कृषि सुविधाओं का अभाव भी महत्वपूर्ण कारण है।

भूतकाल में झाँकने पर हमें ज्ञात होता है कि 2004 के आँकड़ों पर आधारित योजना आयोग की एक समिति ने जो रिपोर्ट दी थी, उसके मुताबिक देश में दुनिया के स्तर के मुताबिक 26 करोड़ 90 लाख लोग ऐसे हैं, जिनके पास दो हजार रुपए या उससे ज्यादा रोजाना खर्च करने की हैसियत है। यही लोग भारत के अब महान उपभोक्ता हैं।

सांसद और पूर्व मंत्री श्री मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि भारत में आई आर्थिक तरक्की ने इस विशाल मध्य या उच्च मध्यवर्ग को जन्म दिया है और आज अर्थव्यवस्था में इस वर्ग का बेहतरीन योगदान है। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि योजना आयोग की इसी अर्जुन सेन गुप्ता कमेटी इस निष्कर्ष पर पहुँची थी कि इस विशाल खाओ–पियो मध्य वर्ग के बावजूद 83 करोड़ 70 लाख लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें रोजाना बमुश्किल बीस रुपए या उससे कम पर गुजारा करना पड़ता है। श्री मणिशंकर अय्यर का अनुमान है कि यह संख्या अब तक नब्बे करोड़ तक जा पहुँची होगी। जाहिर है कि हमारा आर्थिक विकास तो हुआ है, लेकिन वह विकास बेमेल है। इसीलिये हम सफल होकर भी असफल हैं। हालांकि सरकार का दावा है कि अगले वित्त वर्ष में हमारी विकास दर साढ़े आठ प्रतिशत तक हो जाएगी, जबकि अभी यह 7.2 प्रतिशत ही है। लेकिन जिस ढर्रे पर हम आगे बढ़ रहे हैं, तय है इससे यह असमान विकास में खास अन्तर नहीं आने वाला है। इसलिये हमें चाहिए कि ऐसी योजनाएँ बनाएँ और उन्हें लागू कर सकें, जिनके चलते विकास की यह असमानता दूर हो।

आजादी मिलते वक्त तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में खेती की हिस्सेदारी आधी से ज्यादा थी। लेकिन विकास के तेज पहिए ने अब कृषि की हिस्सेदारी घटा दी है। पिछले साल तक जीडीपी में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी देने वाली कृषि इस साल पिछड़ गई है।

संसद में वित्त मंत्रालय द्वारा पेश आँकड़ों के मुताबिक पहली बार ऐसा हुआ है कि देश के जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से कम है। इस आँकड़े के मुताबिक 2009–10 के जीडीपी में मैन्यूफैक्चरिंग का योगदान 7,19,975 करोड़ रुपए यानी करीब 16.1 प्रतिशत है, जबकि कृषि, वानिकी व फिशिंग का योगदान 6,51,901 करोड़ रुपए यानी 14.6 प्रतिशत है।

आर्थिक सर्वे में साल 2018–19 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7 से 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।कृषि सम्बन्धी आँकड़ों का अवलोकन करें तो कृषि विकास दर वर्ष 2016–17 में 4.9 प्रतिशत थी। वर्ष 2016–17 के आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 17.8 प्रतिशत योगदान है। किसी समय में आयात पर निर्भर रहने वाला भारत आज 27.568 करोड़ टन खाद्यान्नों का उत्पादन कर रहा है। भारत गेहूँ, धान, दलहन, गन्ना और कपास जैसी अनेक फसलों के चोटी के उत्पादकों में शामिल है। भारत इस समय दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सब्जी और फल उत्पादक देश बन गया है।

देश में 2.37 करोड़ हेक्टेयर में बागवानी फसलों की खेती की जाती है जिससे वर्ष 2016–17 में कुल 30.5 करोड़ टन बागवानी फसलों का उत्पादन हुआ है। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक व निर्यातक है। भारत की अर्थव्यवस्था में पशुपालन और डेयरी उद्योग का भी महत्वपूर्ण स्थान है। भारत 16.5 करोड़ टन के साथ विश्व दुग्ध उत्पादन में 19 प्रतिशत का योगदान देता है। कुक्कुट पालन में भारत विश्व में सातवें स्थान पर है। अण्डा उत्पादन में भारत का चीन और अमेरिका के बाद विश्व में तीसरा स्थान है। देश में 6 लाख टन माँस का कुक्कुट उद्योग उत्पादन करता है।

मुर्गी पालन बेरोजगारी घटाने के साथ देश की पौष्टिकता बढ़ाने का भी बेहतर विकल्प है। मौजूदा तौर पर भारत दुनिया का दूसरा बड़ा मछली उत्पादक देश है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो मछली पालन की देश के सकल घरेलू उत्पादन में करीब एक प्रतिशत की हिस्सेदारी है। वर्ष 2015–16 में मछलियों का कुल उत्पादन 1.08 करोड़ टन था। भारत में खेती–किसानी आज भी जोखिम भरा व्यवसाय है जिसमें सालाना आमदनी मौसम पर निर्भर करती है। खेती में बढ़ती उत्पादन लागत व घटते मुनाफे के कारण युवाओं का झुकाव भी खेती की तरफ कम होता जा रहा है।

दुनिया के किसी और देश में उद्योग और सेवा क्षेत्र बढ़ता है तो वहाँ रोजगार के साधन भी बढ़ते हैं। लेकिन भारत में उल्टा है। देश में करीब 58 करोड़ लोगों की रोजी सीधे कृषि से ही जुड़ी हुई है। यानी आम किसानों की हालत अभी भी दूसरे सेक्टर की तुलना में खराब है।

कृषि मामलों के जानकार देविंदर शर्मा का कहना है कि हमें इस ओर ध्यान देना चाहिए। वैसे भी हमारी जनसंख्या हर साल डेढ़ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। यानी हर साल करीब दो करोड़ खाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन्हें खिलाने के लिये हमें जमीन भी ज्यादा चाहिए। लेकिन आँकड़े बताते हैं कि कृषि योग्य भूमि में 17 प्रतिशत तक की कमी आ गई है। यानी पहले की तुलना में कम जमीन पर ज्यादा लोगों को खिलाने का दायित्व बढ़ गया है।

इसीलिये हरित क्रान्ति के सूत्रधारों में से एक रहे कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामिनाथन अब दूसरी हरित क्रान्ति की वकालत कर रहे हैं। कृषि पर ज्यादा जनसंख्या की निर्भरता कम करने के साथ ही उद्योग और सेवा क्षेत्र में ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराकर ही भावी भारत को सबल बनाया जा सकेगा।

120 n'kk dh vFk0;oLFkk dk lrqyu çnku djrh gS Hkkjrh; कृf"k % भारत के कृषि उत्पादकों का निर्यात अधिकतर विकासशील और कम विकसित देशों को किया जाता है। भारतीय कृषि के बागवानी और संसाधित खाद्य पदार्थ 120 से अधिक देशों को निर्यात किया जाता है। यह मुख्यतः मध्य पूर्व एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया, सार्क देशों, यूरोपीय संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका में अपना निर्यात करती है।यह सभी देशों की अर्थव्यवस्था को संतुलन प्रदान करने में बड़ी महत्यपूर्ण भूमिका निभाती है।

vizy 23] 2018] uÃ fnYyh@Vhe fMftVyA भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर श्री उर्जित पटेल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2017–18 में मजबूत प्रदर्शन किया और चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक के गवनर ने चालू वित्त वर्ष देश की विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

श्री पटेल ने कल यहां अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्त समिति की बैठक में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी, बिक्री में वृद्धि, सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन और कृषि फसल के रिकॉर्ड स्तर पर रहने से बल मिला।

उन्होंने कहा कि यद्यपि वर्ष 2017–18 में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि एक साल पहले के 7.1 प्रतिशत से कुछ हल्की होकर 6.6 प्रतिशत पर आ गई लेकिन निवेश की मांग बढ़ने से दूसरी छमाही में रफ्तार में मजबूती लौट आई। उन्होने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2017–18 में मजबूत प्रदर्शन किया। विनिर्माण क्षेत्र में तेजी, बिक्री में वृद्धि, क्षमता उपयोग में बढ़ोतरी, सेवा क्षेत्र की मजबूत गतिविधियां और **रिकॉर्ड** Qly mRiknu ने प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

केन्द्रीय सांख्यकीय कार्यालय (सीएसओ) ने 2017–18 जीडीपी के अस्थायी आंकड़े प्रकाशित किए हैं। यह डेटा निम्न प्रकार हैः– सेक्टर के आधार पर जीडीपी का ब्रेकअप 1) कृषिः 17 प्रतिशत 2) उद्योगः 29 प्रतिशत 3) सेवाः 30 प्रतिशत। सेक्टर आधारित जीडीपी ब्रेकअप भारत की अर्थव्यवस्था के प्रति चिंता जाहिर करता है। कृषि क्षेत्र जिसमें 50 प्रतिशत जनसंख्या लगी हुई है उसका जीडीपी केवल 17 प्रतिशत ही है। राष्ट्रीय स्तर पर इसकी प्राथमिकता बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में सुधारों की आवश्यकता है।

ऐतिहासिक साक्ष्य और अध्ययन दिखाते हैं कि विकास की प्रारंभिक अवस्था में कृषि ने जी.डी.पी. में आधे से अधिक का योगदान दिया है। जैसे –जैसे अर्थव्यवस्था बढी, यह और अधिक औद्योगिक हो गई। जी.डी.पी. में कृषि क्षेत्र का अंश कम होने लगा और गैर कृषि क्षेत्र का अंश बढ़ने लगा। कुल जी.डी.पी. में कृषि का प्रतिशत कम होने का अर्थ यह नहीं है कि कृषि प्रगति नहीं कर रही है। बल्कि इस दौरान कृषि का उत्पाद भी पहले की अपेक्षा बढ़ा है, परन्तु गैर कृषि उत्पादों का प्रतिशत और अधिक तेजी से बढ़ा है, इस कारण कृषि का प्रतिशत जी.डी.पी. मे कम होता दिखाई देता है। किन्तु चिन्ता यह है कर्मचारियों का प्रतिशत एवं जीडीपी का प्रतिशत मेल नहीं खाता है।

उक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि कृषि निम्नलिखित क्षेत्रों में योगदान देकर अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती है :–

1 सकल घरेलू उत्पाद में योगदान
2 निर्यात संवर्धन में योगदान

3 रोजगार प्रदान करने में योगदान
4 खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में योगदान
5 गरीबी उन्मूलन में योगदान
6 आर्थिक स्थिरता लाने में योगदान
7 बायो गैस एवं बायो ईधन के चलते उर्जा सुरक्षा में योगदान
8 पर्यावरण संरक्षण में योगदान
9 प्रदूषण अवशोषण में योगदान
10 गैर–कृषि रोजगारों में कच्ची सामग्री उपलब्ध कराने में योगदान
11 बीमा, यातायात, भंडारण गतिविधियों को बढ़ावा देने में योगदान
12 ग्रामीण बुनयादी ढ़ाचे के विकास में योगदान

उपरोक्त से यह स्पष्ट होता है कि जिस तरह से कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान देती है, अतः इसके उत्थान हेतु निम्नलिखित सुझाव हैं :–

1 df"k dk vk/kfudhdj.k :– वैज्ञानिकों को कृषि हेतु उच्च वैज्ञानिक साधनों पर कार्य करना चाहिए। और आवश्यकता होने पर कृषि के आधुनिकीकरण हेतु विदेशों में प्रयोग की जा रही वैज्ञानिक प्रक्रिया का भी अध्ययन एवं प्रयोग किया जाना चाहिए।

2 d"kd dk df"k f'k{kk inku djuk :– कृषक को कृषि शिक्षा (प्रयोग सहित) प्रदान करने हेतु प्रयासों में तेजी लाने की आवश्यकता है।

3 Qly dk foØ; eY; dk fu/kkj.k dk le; eY;oku le; ,o Je dk Hkh /;ku j[kk tkuk :– कृषक को मिलने वाले मूल लागत से फसल के विक्रय मूल्य के अंतर को ही ध्यान में न रखा जावे, बल्कि उसके द्वारा लगाये जाने वाले समय एवं मूल्यवान श्रम को भी ध्यान में रखकर विक्रय मूल्य का निर्धारण किया जाना चाहिए। वर्तमान में मूल लागत से विक्रय मूल्य की तुलना की जाती है, जबकि उसके द्वारा लगाये जाने वाले मूल्यवान समय एवं श्रम की लागत को ध्यान में नहीं रखा जाता है।

4 d"kd dk mfpr ,o lEekutud thou inku djus gr i;kl e of} :– कृषक को उचित एवं सम्मानजनक जीवन प्रदान करने हेतु जो भी प्रयास वर्तमान में किये जा रहे हैं वो पर्याप्त नहीं हैं। इस ओर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

5 'kkldh; ;kstukvk dk ckj e tkudkjh gr d"kd rd lh/kh igp :– कृषक को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु सीधे कृषक तक योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई जानी चाहिए। टी.वी. – रेडियों के साथ साथ , विभिन्न ग्राम पंचायतों, नुक्कड़ नाटक, समारोह, काउन्टर प्रणाली, शिविरों एवं ग्राम सहायकों की सहायता से उक्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की जानी चाहिए।

6 Qly foØ; d le; fcpkfy;k dk Qk;nk u igpkdj lh/k d"kd dk Qk;nk :–प्रशासन को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि फसल विक्रय के समय बिचौलियों को फायदा न पहुँचाकर सीधे कृषक को फायदा पहुंचे।

7 cMs fuos'k gr dne mBkuk :–भारतीय कृषि को सिंचाई परियोजनाओं, बिजली परियोजनाओं, दुग्ध पालन तकनीक, फसल अनुसंधान, बुनियादी आधारभूत सुविधाओं और वर्षा संचयन के लिये आधुनिक तकनीक पर तत्काल बड़े निवेश की आवश्यकता है।

8 xkeh.k fodkl :– कृषक कृषि कार्य छोड़कर शहर की ओर अग्रसर न हों इस हेतु ग्रामीण विकास की आवश्यकता है। सभी सुविधाओं के साथ ही मनोरंजन एवं उच्च शिक्षा जो कि शहरों में उपलब्ध होती है, ग्राम विकास योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जानी चाहिए। वर्तमान में ज्यादातर गांवों में केवल प्राथमिक स्कूल शिक्षा ही है।

lkr %&

1 लेख – हेमन्त सिंह, मार्च 2018
2 लेख – उमेश चतुर्वेदी, जुलाई 2016
3 लेख– डॉ. वीरेन्द्र कुमार, कुरूक्षेत्र अप्रेल 2018
4 लेख– रवि उपाध्याय, नमामि भारत दिल्ली जनवरी 2018
5 लेख – टीम डिजीटल, नई दिल्ली, 23 अप्रेल 2018
6 आंकड़े – पी.आई.बी. दिल्ली , 31 मई 2018
7 बिजनेस न्यूज
8 विकीपीडिया – भारतीय अर्थव्यवस्था

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

LkEik"; df"k fodkl & volj ,o pqukSfr;k

Mk- iwfrek cSl
विभागाध्यक्ष / सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), डॉ सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)
jkds'k dqekj xqIrk
शोध छात्र (अर्थशास्त्र), डॉ सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)
Lkkuky h eS=h
सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), डॉ सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश :– भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि को समस्त उद्योगों की जननी, मानव जीवन की पोषक, प्रगति की सूचक तथा संपन्नता का प्रतीक माना जाता है। तीव्र आर्थिक विकास की ओर उन्मुख वर्तमान गतिशील विश्व के समस्त विकसित एवं विकासशील देश अपने उपलब्ध संसाधनों का अपनी परिस्थितियों एवं क्षमताओं के अनुरूप यथासम्भव अनुकूलतम उपयोग कर कृषि उत्पादों में परिमाणात्मक एवं गुणात्मक सुधार तथा प्रगतिशील एवं व्यवसायिक कृषि के विकास हेतु सचेत एवं सतत् प्रयासरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रधान व्यवसाय होने के कारण कृषि राष्ट्रीय आय का सबसे बड़ा स्त्रोत, रोज़गार एवं जीवन यापन का प्रमुख साधन, औद्योगिक विकास, वाणिज्य एवं व्यापार का आधार है। भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास के लिए कृषि विकास पर इसलिए ध्यान दिया जाता है, क्योंकि कृषि क्षेत्र में पूंजी उत्पाद अनुपात अधिक ऊँचा नहीं है तथा कृषि विकास के लिए विदेशी पूँजी की उतनी आवश्यकता नहीं पड़ती जितनी की औद्योगिक विकास के लिए पड़ती है।

भारतीय कृषि का उसके आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण स्थान है, वर्ष 1950–51 में सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का योगदान 56.46 प्रतिशत था जो वर्ष 2011–12 में घटकर 19.93 प्रतिशत हो गया है। भारत में कृषि प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से अधिकांश जनसंख्या के जीवन यापन का साधन है। वर्तमान में देश की 52 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या प्रत्यक्ष रूप से कृषि व्यवसाय में लगी है। विदेशी व्यापार की दृष्टि से भी भारत में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान है। देश के कुल निर्यात का लगभग 9.9 प्रतिशत भाग कृषि पदार्थों तथा कृषि से संबंधित पदार्थों का होता है। (स्त्रोत– आर्थिक समीक्षा 2011–12, pp. A-88-89) इसी प्रकार भारत में कुल भूमि का 52 प्रतिशत हिस्सा कृषि योग्य है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारतीय कृषि को शीर्ष स्थान प्रदान करता है। भारत का मूंगफली तथा चाय के उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान है जबकि चांवल, कपास, गन्ना तथा जूट में द्वितीय स्थान तम्बाकू के उत्पादन में तीसरा स्थान तथा प्राकृतिक रबर के उत्पादन में पाँचवा स्थान है। भारत का लाख के उत्पादन में विश्व में एकाधिकार है। इस प्रकार भारत में कृषि रोज़गार में योगदान, खाद्यान्न व चारे की आपूर्ति, उद्योगों का आधार, परिवहन के साधनों की आय का स्त्रोत, विदेशी व्यापार में कृषि की भूमिका, भूमि का सर्वाधिक उपयोग कृषि के लिए, राजस्व में योगदान, अंतर्राष्ट्रीय महत्व, सामाजिक एवं राजनैतिक महत्व जैसे कई अवसर उपलब्ध कराती है।

भारत एक कृषि प्रधान देश है यहां के लोगों का कृषि से सदियों पुराना संबंध है फिर भी यहाँ कृषि के पिछड़ेपन की स्पष्ट झलक दिखलाई पड़ती है। यद्यपि आयोजनकाल में किये गये प्रयासों के फलस्वरूप दीर्घकालीन गतिहीनता की स्थिति समाप्त हुई है एवं कई फसलों की उपज बढाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। भारतीय कृषि के अंतर्गत खाद्यान्नों के क्षेत्र में लगभग आत्मनिर्भरता की स्थिति है फिर भी यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि भारतीय कृषि अन्य विकसित देशों की अपेक्षा अभी भी बहुत पिछड़ी है। क्योंकि आज भी कृषकों का परम्परावादी दृष्टिकोण, दोषपूर्ण सामाजिक ढ़ांचा, जनसंख्या का कृषि पर अधिक भार, किसानो की निर्धनता तथा ऋणग्रस्तता, कृषि में दोषपूर्ण विपणन व्यवस्था एवं कृषि अनुसंधान का परिणाम कृषकों तक नहीं पहुंच पाना प्रमुख है। आज भी कृषि में जोतों का आकार छोटा एवं भूमि व्यवस्था का ढ़ांचा कृषि को पश्चगामी कर रहा है। एक ओर हम नवीन हरितक्रांति की बात करते है जबकि अधिकांश भागों में उत्पादन की पुरानी तकनीक, अपर्याप्त सिंचाई सुविधाएं साथ ही उन्नतशील बीजों कीटनाशकों तथा रासायनिक खादों का न्यून प्रयोग किया जाना है। सम्प्रति भारत में प्रति हेक्टेयर रासायनिक खादों का प्रयोग 144.14 कि.ग्रा. है जो अन्य विकसित देशों

जापान (306.6 कि.ग्राम), फ्रांस (221 कि.ग्रा.) इत्यादि की तुलना में बहुत कम है इसके अतिरिक्त मिट्टी की गुणवत्ता में कमी, भूमि कटाव, जल भराव, बाढ़ की समस्या तथा कृषि एवं उद्योग के बीच परस्पर समन्वय का अभाव आदि ऐसी बातें हैं जो भारत में कृषि के उत्पादन को प्रभावित करती है।

स्वतंत्रता प्राप्ति तक भारत में कृषि की दशा अत्यंत शोचनीय थी, किंतु वर्तमान में कृषि अनुसंधान एवं विकास हेतु कृषि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा शोध संस्थाओं की स्थापना से भारतीय कृषि में उल्लेखनीय कार्य हो रहा हैं। कृषि में प्रति एकड़ उच्च उत्पादकता के लिए उन्नत किस्म के बीजों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए राष्ट्रीय बीज निगम तथा बड़े बड़े कृशि फार्मों की स्थापना की गई है। वर्तमान पंचवर्षीय योजनाओं तक सिंचाई की सुविधाओं में पर्याप्त विस्तार हुआ है। भारत की अंतिम सिंचाईं क्षमता का आकलन 140 मिलियन किया गया है। कृषकों के छोटे–छोटे और बिखरे खेतों को एक स्थान पर करने के लिए चकबन्दी कार्यक्रम लागू किया गया है। देश के विभिन्न स्थानों पर रासायनिक खाद बनाने के कारखाने स्थापित किए गये है तथा उर्वरकों के पर्याप्त मात्रा में आयात की व्यवस्था की गई है। भारत सरकार द्वारा उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त मात्रा में सब्सिडी दी जा रही है। जिसका प्रभाव यह हुआ कि देश में रासायनिक उर्वरकों (N,P,K) की खपत वर्ष 1960–61 के 0.2 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2010.11 में 28.12 मिलियन टन हो गई है। फसलों को कीटाणुओं एवं रोगों से बचाने के लिए केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के द्वारा संचालित समन्वित कीट प्रबंध योजनाओं के अंतर्गत समन्वित कीट प्रबंध तकनीक के विभिन्न पहलुओं के बारे में लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कृषि मूल्यों मे स्थायित्व लाने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की स्थापना की गई है। किसानों को वित्त एवं साख की सुविधा प्रदान किए जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली जा रही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन एवं विपणन के नेटवर्क में काफ़ी विस्तार हुआ है। इन सभी तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय कृषि अब सुनहरे पथ पर चलने के लिए अग्रसर हो गई है।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला : कृ"k

Mk- vlye [kku
संविदा शाला शिक्षक वर्ग II, शास.पू.मा.विद्यालय अकोरी रीवा

भारत गांवों का देश है। भारत की लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में निवास करती है। वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है क्योंकि गांवों में रहने वाले लगभग 90% आबादी का प्रमुख व्यवसाय कृषि ही है। कृषि के द्वारा ग्रामीण आज भी उदर पोषण के खाद्यान्न के उत्पादन के साथ लघु व कुटीर उद्योग के लिये कच्चे माल की पूर्ति व कृषि पर आधारित लघु, मध्यम एवं बृहत उद्योगों के लिये कच्चे माल की प्राप्ति कृषि क्षेत्र से प्राप्त कर रहा है।

चूंकि भारतीय कृषि मानसून का जुआ है। क्योंकि कृषि पद्धति परम्परागत साधनों द्वारा उत्पादन प्रक्रिया के साथ तो जुड़ी हुई है पर मौसम की निर्भरता के आधार पर कई विषय विशेषज्ञों ने यहाँ तक कह डाला कि मौसम की अनुकूलता में भारतीय किसान राजा तथा मौसम की प्रतिकूलता पर भारतीय कृषक रंक होता है। यह उक्ति वर्तमान परिवेश में पूर्ण रूपेण सही भी चरितार्थ होती है क्योंकि हम देखते हैं कि भारतीय कृषि लगभग सभी क्षेत्रों का विकास का आधार है। चाहे वह उद्योग हो या व्यापार लगभग सभी क्षेत्रों को भारतीय कृषि की अनिश्चित उत्पादन से प्रभावित होना पड़ता है। कृषि क्षेत्र में बढ़ते दवाव के कारण आज इसकी स्थिति चिंतनीय लग रही है। यही कारण है कि आजकल सभी आर्थिक मुद्दों की परिचर्चा में इसके विषय की प्रासंगगिकता अधिक महत्वपूर्ण नज़र आती है। इसकी वर्ष विशेष में मौसम की अनुकूलता व उत्पादकता की कुल मात्रा व प्रति हेक्टेयर उत्पादन मात्रा के कारण बाजार में रौनक आ जाती है। रहन–सहन में चार चांद तो लग ही जाते हैं साथ ही साथ प्रत्येक क्षेत्र में विकास की चाबी भरने से प्रत्येक क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की विकास रूपी गाड़ी तीव्र गति से चलने लगती है, जो कि सही भी दृष्टिगोचर हो रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था जनसंख्या के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि व सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान अधिक था लेकिन मौसम की निर्भरता व बढ़ते दबाव के कारण इसका योगदान GDP में कम होता जा रहा है। 1950–51 में GDPमें 55.40 % था जो 2013–14 में (देश के कुल GVA में) 18.3% तथा वर्ष 2014–15 में सकल घरेलू उत्पाद (2011–12 की कीमत पर) का 17.4% रहने का अनुमान है।[1]

विगत कुछ वर्षों में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का कुल GVAमें अंश निम्न है–

वर्ष	GVA में कृषि अंश % में
2011–12	18.5
2012–13	18.2
2013–14	18.3
2014–15	17.4

वर्ष 2011–12 के आधार मूल्य पर
स्त्रोत– ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)

उपर्युक्त विगत वर्षों के आधार वर्ष 2011–12 के आधार पर निकले नतीजों पर हम नज़र डालें तो निश्चित ही हम पाते हैं कि वर्ष 2011–12 जहां GVA18.5% वहीं वर्ष 2014–15 में घटकर 17.4% रह गया। जो कृषि के GVAमें घटते % को दृष्टिगोचर कर रहा है जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर को प्रभावित करने वाली प्रमुख कारण बनी हुई है।

रोजगार की नज़र से कृषि को देखें तो आर्थिक समीक्षा 2015–16 के अनुसार कुल रोजगार में कृषि तथा सम्बद्ध व्यवसाय का हिस्सा (2011–12 में) 48.9% था।[2] जो कि निजी क्षेत्र का यह अकेला ऐंसा व्यवसाय था जो श्रमिकों को उपर्युक्त प्रतिशत् में रोजगार उपलब्ध करा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र में मौसमी तथा छिपी हुई बेरोजगारी पाई जाती है। इनकी मौजूदगी में आज भारतीय कृषि दयनीय स्थिति में बनी हुई है। हम भारतीय अर्थव्यवस्था के औद्योगिक क्षेत्र का अध्ययन करते हैं तो हमें एक नई स्थिति नज़र आती है। इतने अधिक महत्वपूर्ण वाले क्षेत्र कृषि के द्वारा भारतीय लघु व कुटीर उद्योगों के

अतिरिक्त वृहत व मध्यम उद्योगों के लिये कच्चे माल की प्राप्ति कृषि उत्पादों के द्वारा ही होती है जो कि औद्योगिक क्षेत्र के लगे श्रमिकों को रोजी रोटी दे रहें हैं। छठी आर्थिक जनगणना 2013 के अंतरिम आंकड़े 30 जुलाई 2014 को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियांवयन मंत्रालय द्वारा जारी किये जिसके अनुसार देश में कुल 58470 प्रतिष्ठान थे जिसमें से 35023 (59.9%) प्रतिष्ठान ग्रामीण इलाके में थे। देश में मौजूद कुल उपक्रमों में 85% गैर कृषि कार्य में तथा शेष 15.3% कृषि कार्य (फसल उत्पादन व वृक्षारोपण को छोड़कर) में संलग्न थे।[3] उक्त स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि देश की लगभग 68% जनसंख्या के लिये मात्र 15.3% उपक्रमों में रोजगार प्राप्त कर अपना उदर पोषण कर रहे हैं। जो ये आंकड़े अपने आप में कृषि अर्थव्यवस्था की घायल स्थिति को दृष्टिगोचर कर रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में कृषि का महत्व अधिक है। कृषि उत्पादों व कृषि उत्पादों के द्वारा निर्मित माल का आयात–निर्यात कर देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की दृष्टि से प्रगतिशील हो रहा है। वर्ष 2014–15 में देश के निर्यात में कृषि एवं संबद्ध वस्तुओं का अनुपात 12.7 % था जबकि इसके पूर्व वर्ष में यह भाग 13.7% था।[4] जो कि अनियमित उछाल को दृष्टिगोचर कर रहा है।

ध्यातव्य है कि विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2014–15 कृषिगत निर्यात में 8.7% की कमी दर्ज की गई थी। जो वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था की घायल स्थिति कृषि को दृष्टिगोचर कर रही है। हम अन्य वर्षों में देखें तो मौसम की प्रतिकूलता व कृषि पर बढते दबाव के कारण इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सहभागिता अनियमित रही है। वर्ष 2014–15 के दौरान कृषिगत आयात देश के कुल आयात का 3.9% तथा 2013–14 में 3.3% था। W.T.O.द्वारा प्रकाशित विश्व व्यापार सांख्यिकी के अनुसार (2014 में व्यापार के आधार पर) कृषि और खाद्य उत्पादों के वैश्विक निर्यात और आयात क्रमशः 1.66 और 1.82 मिनियन अमेरिका डॉलर था। इसमें भारत हिस्सा, निर्यात में 2.46% तथा आयात में 1.46% था। [5]जो कि आकड़े कृषि क्षेत्र में कृषि की वर्तमान वर्षों की स्थिति को दिखला रहे हैं। वर्ष 2014–15 के अनुसार भारत के समग्र निर्यात में कृषि क्षेत्र की भागीदारी 12.7%थी जबकि इसके पूर्व वाले वर्ष में कृषि क्षेत्र का अंश 13.7 %था। इसकी वर्तमान वर्षों की स्थिति निम्न है–

वर्ष	निर्यात (मिलियन डॉलर में)	कृषि निर्यात
2014–15	310147	39357(12.7%)
2013–14	314405	43133(13.7%)

स्त्रोत ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 22 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)

सारणी का अवलोकन करें तो हमें कृषि की घायल अवस्था का अनुभव हो जायेगा। क्योंकि हम पाते हैं वर्ष 2013–14 के देश के कुल निर्यात 314405 मि. डॉलर में कृषि निर्यात 43133 मि.डॉलर रहा जो 13. 7% रहा वहीं 2014–15 में देश का कुल निर्यात 310147 मि. डॉलर में 39357 मि. डॉलर कृषि निर्यात हुआ जो कुल निर्यात का 12.7% रहा। इस प्रकार कुल निर्यात में कृषि की सहभागिता के घटते प्रतिशत् से इसकी स्थिति चिंतनीय नज़र आ रही है। यदि हम कृषि निर्यात मदों की दृष्टि से भारतीय कृषि को देखें तो हम पाते हैं कि 2014–15 में भारत के 04 शीर्ष निर्यात मदों में अनाज का 3.1% , सामुद्रिक उत्पाद का 1.8%, मसाले का 0.8%, तथा कपास का 0.6%, योगदान है।[6] वहीं हम कृषि आयात पर नज़र डालें तो हमें आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2014–15 के अनुसार कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र मुं आयात का अंश 3.9%, था। इसके सहभागी प्रतिशत् में खाद्यतेल 2.4% , दालें 0.6%, काजू 0.2%, का स्थान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहा। [7]इस प्रकार आंकड़ें रूपी आयने ने हमें भारतीय अर्थव्यवस्था की कृषि पर निर्भरता के व्यापार की वास्तविक स्थिति को दिखाने में मदद की है।

सकल मूल्यवर्धन (GVA) के अनुपात के रूप में कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्रों में सकल पूंजीनिर्माण 2011–12 के वर्तमान कीमतों पर 2013–14 में 17. 0%,से कम होकर 2014–15 में 15.8%, हो गया। यह आँकड़े एक नकारात्मक प्रवृत्ति को दिखा रहे हैं। यह नकारात्मक प्रगति भले मौसम की प्रतिकूलता व घटते प्रतिहेक्टयर उत्पादन से हो पर अन्ततः प्रगति की दर नकारात्मक ही कही जायेगी।

देश की कृषि की स्थिति का विगत कुछ वर्षों में कुल GCF (Total Gross CapitalFormation) की दृष्टि को निम्न तालिका से स्पष्ट कर सकते हैं :–

कुलGCF% में कृषि तथा सम्बद्ध क्षेत्रों के GCF का हिस्सा

(2011–12 कीमतों पर) सत्र	कृषि की सहभागिता % में
2011–12	8.6
2012–13	7.8
2013–14	8.6
2014–15	7.7

स्त्रोत – ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 23 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)

उपर्युक्त सारणी के अध्ययन पर हम कह सकते हैं कि 2011–12 से सत्र 2014–15 में कुल सकल पूंजी निर्माण (GCF) में कृषि क्षेत्र की सहभागिता अनियमित रही है।

भूमि– उपयोग में भी भारतीय अर्थव्यवस्था में विसंगति है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में 46% भाग शुद्ध बोए गए क्षेत्रफल के अन्तर्गत आता है। इसमें भी खाद्यान खेती के अंतर्गत आने वाली भूमि 65.6% है। वर्ष 1950–51 में खाद्यान फसलों के अंतर्गत 76.7% बंजर भूमि थी। [8] भारतीय अर्थव्यवस्था में कुल भूमि का लगभग 15 % भाग बंजर भूमि का है। योजना खर्च में कृषि का हिस्सा देखें तो प्रथम योजना में सकल योजना व्यय 960 करोड़ रूपये में से कृषि पर वास्तविक खर्च 724 करोड़ रूपये जो कुल का 37% था वहीं यह व्यय नौवी योजना में 813998 करोड़ रूपये में से 161791 करोड़ रू कृषि पर वास्तविक खर्च जो 19.5 % एवं दसवीं योजना में 616700 करोड़ सकल योजना व्यय में से 101525 करोड़ कृषि पर वास्तविक खर्च जो 16. 5% था।[9] उपर्युक्त विभिन्न योजनाओं में किये गये व्यय के उपरांत भी कृषि क्षेत्र की प्रगति अनियमित ही रही है।

यदि हम खाद्यानों को आर्थिक लागत की दृष्टि से देखें तो वित्त वर्ष 1999–2000 से वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई हे। वित्त वर्ष 2009–10 में चावल की आर्थिक लागत का बजट अनुमान वर्ष 2008–09 के संशोधित अनुमान से –5.81% था। इसका मुख्य कारण वितरण लागत में अधिक वृद्धि माना गया था। वर्ष 2012–13 में गेंहूँ एवं चावल की आर्थिक लागत बढ़कर क्रमशः 22 रूपये एवं 24 रूपये हो चुके थी।

[10]विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि में औसत उपलब्धि (%) में विभिन्नता लिये हुये निम्न हैः–

पंचवर्षीय योजना	कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर % में
1	2.71
2	3.15
3	–0.73
4	2.57
5	3.28
6	2.52
7	3.47
8	4.68
9	2.06
10	2.40
11	4.10

स्त्रोत – सिंह मनोज कुमार, भारतीय अर्थव्यवस्था 2016 P98 केरियर क्लासेस प्रकाशक मुखर्जी नगर नई दिल्ली

उपर्युक्त पंचवर्षीय योजनाओं में हम पाते हैं कि 8वी योजना में ही 4.68% व 11वी योजना में 4. 10% के अलावा शेष सभी पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर अनियमित रही। तीसरी योजना में तो वृद्धि दर –0.73% ऋणात्मक रही है।[11]

कृषि उत्पाद में अस्थिरता भी विगत वर्षों में देखनें को मिलती है। वर्ष 2014–15 में देश में कृषिगत उत्पादन के चतुर्थ अग्रिम अनुमान 17 अगस्त 2015 को जारी किये गये थे। ताजा आंकलन में 2014–15 में देश में खाद्यानों का कुल उत्पादन 252.7 मि.टन अनुमानित किया गया था। विभिन्न फसलों के तहत प्रतिहेक्टेयर क्षेत्रफल में चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार 2013–14 की तुलना में 2014–15 में अत्याधिक गिरावट आई।[12]

भारतीय अर्थव्यवस्था में खाद्यान्न उत्पादन की विसंगति भी दृष्टिगोचर हो रही है। इतनी अधिक विविधता होने पर हमारी सरकार शांत नहीं बैठी। सरकार ने विभिन्न पंचवर्षीय योजना में कृषि कोष के माध्यम से पैसे खर्च कर इतने महत्वपूर्ण क्षेत्र को सुधारने का प्रयास किया है। कई योजनाओं का श्रीगणेश किया व उनकी महत्वता को बताने के लिये आम नागरिकों को जागरूक भी किया। इन योजनाओं में प्रमुख – नयी फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि

बीमा योजना (नवीन), पायलट मौसम आधारित फसल बीमा योजना, कृषि आय बीमा योजना, वर्षा बीमा योजना, मौसम आधारित फसल बीमा योजना, बायो ईधन वृक्ष/पेड़ का बीमा योजना, मूल्य स्थिरीकरण कोष एवं विभिन्न कृषि फसलों की स्थापना कर देश की कृषि व्यवस्था को सुधारने का प्रयास कर रही है। पर यह हृदय विदारक समाचार होता है कि आये दिन मौसम की प्रतिकूलता से कृषक आत्महत्या कर रहा है। आये दिन न्यूज चैनलों में कृषक आत्महत्या विषय पर डिवेट होते देखे गये और समाचार की मुख्य खबर बनकर समाचार पत्रों ने सुर्खियां लूटीं हैं। पर सरकार की योजनाओं में अपेक्षानुरूप वास्तविक लाभ कृषकों को नहीं मिला है और कृषि जैसे जीवन दायिनी क्षेत्र में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या से दाग लगते जा रहे हैं। जोकि हमारे सामने प्रश्न चिन्ह है, जिनके उत्तर सभी विषय विशेषज्ञ अपने–अपने विचारों के माध्यम से देने में लगे हैं। यह क्षेत्र उत्पादन की विभिन्नता से ग्रषित है। वास्तविकता से देखने पर आंकड़ों के माध्यम से हम कहें तो GDP का 17.4% भाग यही क्षेत्र देता है जबकि इसमें देश की 54.6% कार्यकारी जनसंख्या एवं 15.3% उपक्रम में लगी है।[13]

इस प्रकार अर्थव्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली कृषि मौसम की बढ़ती प्रतिकूलता , उच्च तकनीक का कुशल प्रयोग न होने , शासन की नीतियों के उचित क्रियान्वयन न होने व कृषक जागरूकता की कमी के कारण जिस दर से कृषि क्षेत्र का विकास होना चाहिये अपेक्षा अनुरूप नहीं हो पा रहा है यही कारण है कि हमारी अर्थव्यवस्था की जान कही जाने वाली अर्थव्यवस्था घायल कही जा सकती है। अतः हम आम जन नागरिकों को इसकी घायल अवस्था में सुधार अर्थात कृषि विकास हेतु सार्थक कदम उठाने की अपील करते हैं ताकि इसकी स्थिति में सुधार कर इसकी घायलता पर मल्हम लगाया जा सके, जो कि देश के आर्थिक विकास के लिये अपेक्षित है।

L=kr :–

1 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
2 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
3 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
4 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
5 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 15 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
6 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 22 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
7 ओझा शिवकुमार, कृषि एवं प्रौद्योगिकी पेज नं. 23 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
8 वर्णवाल महेश कुमार, भारतीय अर्थव्यवस्था– (जु.2017) Cosmos Publication दिल्ली P 211–12
9 कृष्णा आर0, भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व के संदर्भ में – P 95 K.B.C. NANO Publication Delhi
10 सिंह रमेश. भारतीय अर्थव्यवस्था 6वां संस्करण – Mc Graw Hill Education (India) P 6.13 Private Limited - New Delhi
11 सिंह मनोज कुमार ,भारतीय अर्थव्यवस्था 2016 P98 केरियर क्लासेस प्रकाशक मुखर्जी नगर नई दिल्ली
12 ओझा शिवकुमार कृषि एवं प्रौद्योगिकी, पेज नं. 24 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)
13 ओझा शिवकुमार कृषि एवं प्रौद्योगिकी, पेज नं. 16 (बौद्धिक प्रकाशन इलाहाबाद 2016)

ekfydrk dk izek.k&i= %& मैं प्रमाणित करता हूं कि यह मेरा मौलिक शोध पत्र हे जिसके निर्माण में विभिन्न पत्र पत्रिकाओं व उपर्युक्त स्त्रोतों का उपयोग किया गया है। जो कि संदर्भित सूची में उल्लेखित है।

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

वैश्विक परिपेक्ष्य में कृ"k की अवधारणा (भारत के विशे"k lUnHkZ esa½

Mk- ch-,y- vkekZ
सहायक प्राध्यापक, संस्कृत शासकीय मानकुंवरबाई कला एवं वाणिज्य
स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व अनादिकाल से रहा है। भारत के विदेशी व्यापार का अधिकांश भाग कृषि से ही जुड़ा हुआ है। वर्ष 2004–2005 में देश के निर्यात में कृषि वस्तुओं का अनुपात 14.7 प्रतिशत और कृषि से बनी हुई वस्तुओं यथा निर्मित पटसन एवं कपडा का अनुपात भी लगभग 25 प्रतिशत है। इस प्रकार भारत के कुल निर्यातों में कृषि और उससे संबंधित वस्तुओं का अनुपात लगभग 40 प्रतिशत है। संसार के प्रत्येक देश में अनुसंधान से ही वहां की परम्परागत खेती में सुधार हुआ है। सन् 1834 में एलसेस नामक स्थान पर जे.वी. बोसिंगाल्ट कृषि वैज्ञानिक द्वारा प्रथम अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया गया। सन् 1908 में अमरीकन सोसाइटी ऑफ एग्रोनोमी की स्थापना से वहॉ कृषि विकास में तेजी आई जबकि भारत देश में ठीक 50 वर्ष बाद इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रोनोमी स्थापित हुई।

वैशाखे वपनं श्रेष्ठं ज्येष्ठे तु मध्यमं स्मृतम् ।
आषाढे चाधमं प्रोक्तं श्रावणे चाधमाधमम् ।।[1]
रोपणार्थ त बीजानां शुचौ वपनमुत्तमम् ।
श्रावणे चाधमं प्रोक्तं भाद्रे चैवाधमाधमम् ।।[2]
वृषान्ते मिथुनादा च वीण्यहानि रजस्वला ।
बीजं न वापयेत्तत्र जनः पापद्विनश्यति ।।[3]

Sowing In Vaishaka (May) Is Stated To Be The Best : In Jyesht Ha (June) Mediocrke And In Ashadha (July) Bad In Shravana (August) The Worest It Is Excellent To Sow Seeds In Hot Season (April-May) For Transplantation. Sowing In Shravana Is Said To Be Bad And Bhadrapada (September) The Worst.

The End Of Jyeshtha And Beginning Of Ashadha Is The Menstruation Period Seeds Must Not Be Sown During This Period. This Saves The Farmer From Regret.

निष्पन्नमपि यद्धान्यं न कृतं तृणवर्जितम् ।
न सम्यक् फलमाप्नोति तृणक्षीणा कृषिर्भवेत् ।।[4]
कुलीरभाद्रयोर्मध्ये यद्धान्यं निस्तृणं भवेत् ।
तृणैरपि तु सम्पूर्ण तद्धान्यं द्विगुणं भवेत् ।।[5]

Even a well-grown crop does not yield full returns if grass is not weeded out. Crop from which grass is weeded out in Shravan (August) and Bhadrapada (September) doubles itself later.

आषाढे श्रावणे मासि धान्यमाकट्टयेद्बुधः ।
अनाकट्टं तु यद्धान्यं यथा बीजं तथैव हि ।।[6]
कर्कटे कट्ठयेद्धान्यमवृष्टौ कृषितत्परः !
भाद्रे चार्द्धफलप्राप्तिः फलाशा नैव चाश्विने ।।[7]
न निम्नभूमौ धान्यस्य कुर्यात्कट्टनरोपणे ।
न च सारप्रदानं तु तृणमात्रं तु शोधयेत् ।।[8]

In Ashaada (July) or Shravana (August) the wise farmers construct small bunds for retaining water. If this is not done the seed will not germinate.

If rains are scanty, an attentive farmer constructs these bunds in sign of cancer (June) itself. If it is done in Bhadrapada (September) the crop is reduced to half the quantity. If done in Ashwina (October) there is no hope of returns whatsoever.

At lawlands, transplantation and manuring should not be done. Only weeding of grass is to be done.

फलत्यवेक्षिता स्वर्ण दैन्यं सैवानवेक्षिता।
कृषिः कृषिपुराणज्ञ इत्युवाच पराशरः ।।[9]
पितुरन्तः पुरं दद्यान्मातुर्दद्यान्महानसम् ।
गोशु चात्मसमं दद्यात् स्वयमेव कृषि व्रजेत् ।।[10]
मोहितः क्षेत्रगामी व कालज्ञो बीजतत्परः ।
वितन्द्रः सर्वशस्याढयः कृषको नावन्सीदति ।।[11]

"Farms yield Gold if properly managed but lead to poverty if neglected" said Parasara, the sage well versed in the sacred science of Agriculture.

And so did the other SAGES :"Management of one's Harem may be entrusted to one's father, that of the kitchen to one's mother; cattle to someone equal in status. But farms should be never left to the care of any one other than oneself.

Agriculture, cattle, business, women and Royal families, if left unattended even for a short while, perish in no time.

An agriculturist who looks after the welfare of his cattle, visits his farm daily, has the knowledge of the seasons. Is careful about the seeds, and is industrious is rewarded with the Harvest of all kinds and never perishes.

अतृणे सतृणा यस्मिन् सतृणे तृणवर्जिता मही यत्र ।
तस्मिन् शिरा प्रदिष्टा वक्तव्यं वा धनं चास्मिन् ।।[12]

If in grassless place a patch of ground is seen covered with grass or in a grassy plot, a patch is seen devoid of it, a vein of water or a treasure is to be declared to exist there.

स्निग्धाः प्रलम्बशाखा वामविकटद्रुमाः समीपजलाः ।
सुषिरा जर्जरपत्राः रूक्षाश्च जलने सन्त्यक्ताः ।।[13]

The trees which are short and wide with long hanging branches and glossy leaves indicate the presence of underground water nearby, whereas trees which are hollow and dry with pale leaves indicate non existence of underground water nearby.

माघे वा फाल्गुने मासि सर्वबीजानि संहरेत् ।
'शोषयेदातपे सम्यक् नैवाधो विनिधापयेत् ।।[14]

All sorts of seeds should be procured in Magha (February)) or Phalguna (March) and should then be dried well in the sun do not sow them directly.

मधुयष्टिसिताकुष्ठं मधुपु''पविनिर्मितैः ।
गोदकरछादिते मूले निरस्थि स्यात् फलं तरोः ।।[15]

A paste prepared out of Madhuyashti, Sugar, Kushtam, Madhupushpam together applied to the root of a tree produces seedless fruits.

कुष्माण्डवार्ताकपटोलकादि बीजं वसाभावितमुप्तसिक्तम् ।
विरोधितायां भुविसर्वकालं फलान्यनस्थीनि महान्ति धत्ते।।[16]

If the seed of gourd, bringal, patola and such other plants be treated with animal fat and then sown in purified (prepared) ground and water be sprinkled over them, the fruits that grow out of them become big and seedless.

करंजार्मवधारिष्ट – सप्तपर्णात्वचा कृतः ।
उपचार : कृमिहरो मूत्र–मुस्त–विडङ्.गवान् ।।[17]

Worms are destroyed by the application of the following substances made into a paste with the urine of cow with Vidanga and musta

(1) The bark of Karanja
(2) The bark of Armavadha
(3) The bark of Arishta
(4) The bark of Saptaparna

हिरण्यकेशो रजसो विसारे हिधुनिर्वात् इव ध्रजीमान् ।
शुचिभ्राजा उषसो न वेदा यशस्वतीरपरस्युवो न सत्याः ।।[18]

The twigs of punarnava are offered in the ahavaniya fire and the resulting smoke is consecrated with the mantra, hiranya kesho rajaso it means that the smoke of punarnava bellowing out along with the golden flames reaches the golden flames reaches the clouds quickly and produces such a heavy rain that even the sun rise will not be visible due to the dense coverage of black clouds.

lanHk&xzUFk %&

1. कृषि पराशरः 168, 169, 175, 189, 190, 186–188, 79–81, 83 पराशर मुनि विरचितः चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस वाराणसी।
2. बृहत्संहिता 54, 52, 54, 49 वराहमिहिरविरचिता चौखम्बा विद्या भवन वाराणसी।
3. कृषि पराशरः 175 वराहमिहिरविरचिता चौखम्बा विद्या भवन वाराणसी।
4. उपवन विनोदः तेरहवी ई. सदी 184, शाङ्रधर पद्धति। The Indian Research Institute 55 Upper Chitpore Road, Calcutta 1935.
5. तैत्तिरीय संहिताा 3-1-11-14 श्रीपाद दामोदर सातवलेकर जिला सतारा महाराष्ट्र।

Hkkjrh; vFkZ0;oLFkk esa d`f"k dh Hkwfedk ,oa ;ksxnku dk ,d fo'ys"k.kkRed v/;;u

fot; dqekj vfgjokj
शोधार्थी, अर्थशास्त्र का स्नातकोत्तर अध्ययन एवं अनुसंधान विभाग
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर (म.प्र.)

lkjka'k :– कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का केन्द्र बिंदु है। देश के विकास और प्रगति में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। देश का आर्थिक व सामाजिक ढांचा इसी पर टिका है। आज देश में कृषि कार्य के साथ–साथ पशु पालन, बागवानी, मुर्गी पालन, मछली पालन, वानिकी, रेशम कीट पालन व बत्तख पालन भी आमदनी बढ़ाने का एक बड़ा हिस्सा बनता जा रहा है। देश की राष्ट्रीय आय का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से ही प्राप्त हो रहा है आज देश के कुल निर्यात में 16 प्रतिशत हिस्सा कृषि से ही प्राप्त होता है। आज भी देश की लगभग आधी श्रम शक्ति कृषि एवं इससे संबंधित क्षेत्रों में ही लगी हुई है। वर्ष 2017–18 के आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 16 प्रतिशत का योगदान है। आज भी खेती से इतर क्षेत्र में काम आने वाली अधिकतर उपभोक्ता वस्तुएॅ कृषि से ही प्राप्त होती है और उद्योग क्षेत्र के लिए अधिकतर कच्चा माल कृषि ही सृजित करती है। खेती अपने अनुषंगी क्षेत्रों के साथ, भारत में विशेष रूप से विस्तृत ग्रामीण भू–भागों में निर्विवाद रूप से सबसे बड़ी रोजगार प्रदाता है। आज ग्रामीण क्षेत्रों से बड़े स्तर पर युवाओं का शहरों की ओर पलायन हो रहा है। ऐसे में कृषि आधारित व्यवसायों को रोजगार के विकल्प के रूप में भी अपनाया जा सकता है। अन्ततः इन समस्त आर्थिक एवं मानवीय क्षेत्रों की संरचनाओं का आधार कृषि ही है। जिसका राष्ट्र की समग्र अर्थव्यवस्था के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है।

izeq[k 'kCnkoyh :– भारतीय अर्थव्यवस्था, रोजगार, आय, विकास, उत्पादन, कृषि, खेती–किसानी, तकनीकी।

izLrkouk :– मानव सभ्यता के विकास के प्रारंभ से ही कृषि आजीविका का प्रमुख साधन रही है। आज भी कृषि विश्व की अधिकांश जनसंख्या का प्रमुख व्यवसाय तथा आय का मुख्य स्त्रोत है। आदिकाल से भारत कृषि प्रधान देश रहा है। औद्योगिकरण और उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी अर्थात् सुपर–कम्प्यूटर के युग में भी भारतीय अर्थव्यवस्था का मूल आधार कृषि ही है, जिस कारण से कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। भारत में लोगों के जीविकोपार्जन का सबसे बड़ा साधन और व्यवसाय कृषि ही है। देश में औद्योगीकरण के विकास में भी कृषि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कृषि एवं आर्थिक विकास का अटूट सम्बंध है। कृषि के अतिरिक्त अन्य उद्योग–व्यापार भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं, किन्तु भारत की सम्पूर्ण जनसंख्या को रोजगार एवं आजीविका प्रदान नहीं कर सकते। आज भी भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 50 प्रतिशत अपनी आजीविका के लिए कृषि पर ही आश्रित है। किसी भी देश के आर्थिक विकास के अंतर्राष्ट्रीय मापदण्ड देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दृष्टि से भारत में भले ही कृषि का योगदान अनुपात में कम होता जा रहा है किंतु देशवासियों को आजीविका व रोजगार प्रदान करने से लेकर सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से कृषि ही सबसे सुदृढ़ व स्थायी आधार है। यही कारण है कि वैश्विक मंदी जैसी भीषण त्रासदी से तथाकथित बड़े और विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाएॅ लड़खड़ा गई किन्तु भारतीय अर्थ व्यवस्था न केवल अक्षुण्ण है अपितु उत्तरोत्तर और अधिक प्रगति कर रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान होने के साथ ही, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी कृषि भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में मात्र जीवन–यापन का साधन या उद्योग–धंधा ही नहीं है, वरन् इसे अर्थव्यवस्था की धुरी में व्यापार, व्यवसाय, उद्योग–धंधा विदेशी मुद्रा की प्राप्ति, राजनैतिक स्थायित्व एवं विभिन्न योजनाओं की संकल्पना कृषि पर ही निर्भर है। आज यदि कृषि असफल रहती है, तो राष्ट्र एवं राष्ट्र की अर्थव्यवस्था दोनों ही असफल रहते हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं ग्रामीणों के उत्थान के लिए कृषि की उन्नति करना नितांत आवश्यक है।

iou lkfgR; dh leh{kk :– प्रस्तुत शोध पत्र से संबंधित शोध कार्यों का अध्ययन किया गया है जिनमें से कुछ निम्न है–

'kdjko lkfcj ½2016½ [12]ने अपने अध्ययन ''उज्बेकिस्तान के आर्थिक विकास में कृषि की भूमिका'' में बताया है कि उज्बेकिस्तान का मुख्य आर्थिक विकास कृषि पर आधारित है। यहॉ का मुख्यतः आर्थिक विकास कृषि पर आधारित है। यहॉ कृषि आर्थिक विकास में अपनी एक विशिष्ट भूमिका निभाती है। वर्तमान में 27 प्रतिशत जनसंख्या कृषि और संबंधित क्षेत्र में कार्यरत है, और जीडीपी में इसका 17 प्रतिशत योगदान है। यहॉ कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अनेकों अवसर यहॉ की जनसंख्या को इससे प्राप्त होते है, तथा औद्योगिक विकास के लिए कृषि से कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में प्राप्त होता है जो औद्योगिक विकास का आधार है, अतः इस अध्ययन में यह पाया गया कि आर्थिक विकास का कृषि के साथ सकारात्मक संबंध है।

lDlsuk txnhi ½2018½ ने, विकास कल्याण और कृषि विकास से नए भारत का निर्माण'' में बताया है कि भारत सरकार की नए भारत के विकास की रणनीति में किसानों और कृषि को अहम् स्थान दिया गया है और 'सक्षम किसान– समृद्ध भारत' की कल्पना की गई है। भारत की सामाजिक, आर्थिक दशा को देखते हुए यह एक तर्कसंगत और प्रभावी सोच है, क्योंकि देश की लगभग आधी आबादी आज भी खाद्य सुरक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए कृषि पर निर्भर है। इसलिए कृषि को अधिक कुशल, अधिक लाभदायक और सतत् बनाने के लिए बाजार में भी कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिससे कृषि विकास के साथ–साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को भी विकसित किया जा सके।

dekj ohjUnz ½2018½[3] ने अपने अध्ययन ''कृषि संबद्ध क्षेत्र : किसानों की आय बढ़ाने में मददगार' में बताया है कि देश के विकास और प्रगति में कृषि का आर्थिक व सामाजिक ढांचा इसी पर टिका है। देश के कुल निर्यात में 16 प्रतिशत हिस्सा कृषि से प्राप्त होता है। आज भी देश की लगभग आधी श्रमशक्ति कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में ही लगी हुई है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला है। यह न केवल देश की दो–तिहाई आबादी की रोजी–रोटी एवं आजीविका, सभ्यता और जीवनशैली का आईना भी है। देश की राष्ट्रीय आय का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से ही प्राप्त होता है। अतः इस अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि कृषि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त आय का भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में एक अहम् भूमिका निभाती है।

LokehukFk ,e-,l- ½2019½ [4]ने अपने अध्ययन, ''कृषि में नये प्रौद्योगिकी नवाचार से किसान कल्याण'' में बतलाया है कि नई प्रौद्योगिकी, उत्पादकता सुधार के लिए मूल कच्चा माल है। नई प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से अग्रिम अनुसंधान के लिए पर्याप्त अवसर हैं। कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में हमारे किसानों की प्रगति का प्रमाण यह है कि 2018 में देश का गेहूँ उत्पादन 100 मिलियन टन से ज्यादा हो गया जो कि 1947 में 7 मिलियन टन था। इस तरह की प्रभावशाली प्रगति प्रौद्योगिकी और लोक नीति के बीच पारस्परिक क्रिया से संभव हुई है। नई प्रौद्योगिकी उत्पादकता सुधार के लिए मूल कच्चा माल है। हमें किसानों के कल्याण और खेती की लाभप्रदता सुनिश्चित करने के लिए इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए जिससे कृषि को विकसित किया जा सके।

mnns'; :– इस शोध पत्र के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं।

1. कृषि से भारतीय अर्थव्यवस्था को होने वाले लाभ का अध्ययन।
2. भारतीय कृषि विकास में आने वाली समस्याओं का अध्ययन एवं उनका समाधान प्रस्तुत करना।

[1] Sobir shukurav (2016), " The Role of Agricuture in Economic Development of Uzbekistan" Profiles for this publication at: https://www.research-ate.net/publication/316169915.

[2] डॉ. जगदीप सक्सेना (2018), ''कुरूक्षेत्र'' किसान कल्याण और कृषि विकास से नए भारत का निर्माण' प्रकाशक– सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सूचना भवन, सी.जी.ओ, काम्पलेक्स लोधी मार्ग, नई दिल्ली, पृ.क.10–14 माह मार्च।

[3] डॉ.वीरेन्द्र कुमार (2018), कुरू क्षेत्र, 'कृषि संबद्ध क्षेत्रः किसानों की आय बढ़ाने में मददगार'' प्रकाशक सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सूचना भवन नई दिल्ली पृ.क.5–9, माह– अप्रेल,

[4] ,एम.एस.स्वामीनाथन (2019), योजना ''कृषि क्षेत्र में नये प्रौद्योगिकी नवाचार से किसान कल्याण'' प्रकाशन विभाग– सूचना भवन, सीजीओ परिसर, लोधी रोड, नई दिल्ली, ISSN- 0971-8397 , पृ.क.12–16 माह जनवरी

'kks/k ifof/k :– प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीयक समंकों पर आधारित है। जिसमें विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं एवं शासकीय रिपोर्टों, बेबसाईटों से प्राप्त ऑकड़ों को एकत्रित किया गया है, साथ ही विभिन्न पुस्तकों का अध्ययन कर जानकारियां प्राप्त की गई हैं।

उपर्युक्त विश्लेषण में विभिन्न चार्ट एवं आंकड़ों को विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, जो कृषि क्षेत्र एवं भारतीय अर्थव्यवस्था के बीच प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष संबंध प्रदर्शित करते हैं।

Hkkjrh; vFkZ;oLFkk esa df"k dh Hkfedk :– भारत वासियों के अस्तित्व एवं विकास का सम्बंध कृषि क्षेत्र से आदिकाल से जुड़ा हुआ है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों से प्रतीत होता है कि अति प्राचीनकाल से ही कृषि भारतीय निवासियों की आजीविका का आधार रही है। 3000 से 5000 वर्ष ईसा पूर्व सिन्धु घाटी की सभ्यता में कृषि कार्य सम्बंधी अनेक प्रमाण प्राप्त हुए हैं। भारतवर्ष एक कृषि प्रधान देश है जिसकी लगभग 60–65 प्रतिशत जनता खेती करके अपना जीवन निर्वाह करती है। कृषि को अगर भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ कहा जाए तो गलत नहीं होगा। कृषि की भूमिका को इससे ही समझा जा सकता है कि वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 16 प्रतिशत होने के साथ हीं 49 प्रतिशत लोगों को रोजगार इस क्षेत्र से प्राप्त हो रहा है। आज देश सभी क्षेत्रों में विकास कर रहा है, इसके बाद भी कृषि का महत्व किसी भी सूरत में कम नहीं हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका बहुत ही अहम है जिसको हम यहॉ विभिन्न क्षेत्रों के आधारों में देख सकते हैं।

1- jk"Vªh; vk; dk izeq[k L=kr :– भारत में कृषि राष्ट्रीय आय प्राप्त करने का प्रमुख स्त्रोत है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं संबंध



Sources: Ministry of Statistics and Programme Implementation; PRS.

व्यवसायों का हिस्सा वर्ष 1950–51 में 54.4 प्रतिशत था जो कम होते होते 1960–61 में 52 प्रतिशत, 1981–82 में 37.6 प्रतिशत 2000–01 में 26.2 प्रतिशत तथा 2011–12 में 18.3 प्रतिशत तथा 2004–05 की कीमतों पर 2013–14 में घटकर 14.8 प्रतिशत हो गया था लेकिन कुछ सुधारों के बाद उत्पादन में वृद्धि होने पर 2011–12 की कीमतों पर 2017–'18 में यह बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। राष्ट्रीय आय सम्बंधी अनुमानों से दो बातें स्पष्ट होती है,एक राष्ट्रीय आय में कृषि तथा सम्बंधित व्यवसायों का हिस्सा अधिक है, दूसरी राष्ट्रीय आय में कृषि का हिस्सा धीर–धीरे कम होता जा रहा है, जो आर्थिक विकास का सूचक माना जाता है? इन दोनों बातों से स्पष्ट होता है कि देश में कृषि की प्रधानता है और वह आर्थिक विकास की ओर अग्रसित है।

2- jkstxkj nku esa lgk;d :– रोजगार की दृष्टि से कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। कृषि, मनुष्यों को दो प्रकार से रोजगार देती है, एक ओर तो उन मनुष्यों को जो प्रत्यक्ष रूप से कृषि उत्पादन में लगे हुए हैं जैसे कृषक एवं श्रमिक तथा

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019

A Monthly Journal of Multidisciplinary

International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

दूसरी ओर ऐसे व्यक्तियों को जो अप्रत्यक्ष रूप से इस पर आश्रित हैं, जैसे ग्रमीण कारीगर, छोटे तथा गृह उद्योग धन्धों वाले कृषि उपज का व्यापार करने वाले, कृषि से प्राप्त कच्चे माल का उपयोग करने वाले तथा ग्रामीण सेवक इत्यादि। भारत में की गयी दस वर्षीय जनगणनाओं से यह पता चलता है कि वर्ष 1901 से अब तक कृषि पर जनसंख्या की निर्भरता 74.8 प्रतिशत से 57 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आश्रित है।

3- vk|kfxd fodkl e: df"k dh Hkfedk :– कृषि से देश के बहुत से उद्योग–धंघों के लिये कच्चे पदार्थ प्राप्त होती। सूती और पटसन वस्त्र उद्योग, चीनी, जूट, कपास, वनस्पति तथा बागान आदि सीधे कृषि पर निर्भर है। भारत में वे उद्योग जिनके लिए देश में कृषि से कच्चा माल उत्पन्न नहीं किया जाता वे अधिक विकसित नहीं हो सके हैं।स्पष्ट है कि देश की औद्योगिक उन्नति कृषि की उपज द्वारा ही सम्भव है।

4- [kk|kUu lkexh dh ifr: :– भोजन मानव की प्रथम आवश्यकता है जिसके बगैर मानव जीवित नहीं रह सकता। खाद्यान्न आपूर्ति न होने पर देश में अस्थिरता पैदा हो सकती है। खाद्यान्न के अभाव से युद्ध के परिप्रेक्ष्य में हलचल, गड़बड़ी और बैचेनी पैदा होती है। भारत में जनसंख्या का अधिकांश भाग शाकाहारी है जो कि अपने उदर पूर्ति के लिए मुख्यतः कृषि उपजों पर ही निर्भर करता है।

5- mnkj 0;kikj dh lgk;d :– कृषि एक उदार व्यापार है जो ऐसे मनुष्यों को भी सहारा देता है जो कि उद्योग और सेवाओं के लिए योग्य नहीं होते हैं। इसमें प्रत्येक प्रकार के लोगों को कुछ न कुछ काम मिल ही जाता है।

6- iwth fuek.k dk egRoiw.k {k= :– देश की सर्वाधिक पूँजी कृषि क्षेत्र में नियोजित है। स्थायी पूँजी की दृष्टि से कृषि क्षेत्रों का स्थान सबसे अधिक है। कृषि–क्षेत्रों में करोड़ों रूपयों का निवेश सिंचाई के साधनों, पशुओं कृषि यन्त्रों व उपकरणों आदि में लगा हुआ है।

7- df"k vkfFkd fodkl dh e[;vk/kkjf'kyk :– देश के आर्थिक विकास की योजनाओं में कृषि की विशेष भूमिका है। यही कारण है कि हमारे देश में प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि को सर्वोच्च स्थान दिया गया था ताकि हमारे विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। द्वितीय एवं तृतीय योजना में कृषि की कुछ उपेक्षा की गई परिणामस्वरूप देश को भीषण खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। वार्षिक योजनाओं एवं चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में कृषि को पुनः सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी।



ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019

A Monthly Journal of Multidisciplinary

International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

फलतः आशातीत सफलता प्राप्त हुई। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रथम तीन वर्षों में औद्योगिक क्षेत्र में असफलता के बावजूद जो सफलता प्राप्त हुई उसका सारा श्रेय कृषि को ही है। इसी कारण अन्य सभी पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि एवं ग्रामीण विकास को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर कह सकते हैं कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह भारत का आधारभूत व्यवसाय है। देश का समस्त व्यापार, वाणिज्य परिवहन, देश के उद्योग देश की समृद्धि सभी इस पर निर्भर करते हैं। इसलिए हम यह भी कह सकते हैं कि ''कृषि वह धुरी है जिसके चारों ओर भारत की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था चक्कर लगाती है।

8- thou fuokg dk fy, d`f"k dh Hkfedk :– भारत में कृषकों द्वारा कृषि को व्यवसाय के रूप में न अपनाकर जीवन–निर्वाह के रूप में अपनाया जाता है। कृषि क्षेत्र पर देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष एवं अपरोक्ष रूप से जीवन निर्वाह के लिए देश के स्वतंत्रता के समय निर्भर थी। वर्तमान में 49 प्रतिशत जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर जीवन निर्वाह के लिए निर्भर है।

9- vFkZ;oLFkk ds vU; {ks=ksa ds fodkl esa d`f"k {ks= dk LFkku :– कृषि इन क्षेत्रों के अलावा अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान रखती है। जिसमें आंतरिक व्यापार, संचार, परिवहन, पशुपालन का मुख्य आधार, विदेशी व्यापार का स्त्रोत, राष्ट्रीय सेवा में योगदान, बैंकिंग, बीमा तथा वित्तीय संस्थानों एवं अन्य सहायक क्षेत्रों के विकास में कृषि क्षेत्र महत्वपूर्ण स्थान रखता है। क्योंकि इन क्षेत्रों का व्यवसाय मुख्यतया कृषि क्षेत्र से प्राप्त होता है।

Hkkjrh; vFkZ;oLFkk esa d`f"k dk ;ksxnku :– देश के विकास और प्रगति में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। देश का आर्थिक व सामाजिक ढांचा इसी पर टिका है। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला है, यह न केवल देश की दो–तिहाई आबादी की रोजी–रोटी एवं आजीविका का प्रमुख साधन है बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवन शैली का आईना भी है। देश में खेतीबाड़ी के साथ पशुपालन, बागवानी, मुर्गीपालन, मछली पालन, वानिकी, रेशम कीट पालन, कुक्कुट पालन व बत्तख पालन आमदनी बढ़ाने का एक अहम हिस्सा बनता जा रहा है। देश की राष्ट्री आय का एक बड़ा हिस्सा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों से प्राप्त होता है। देश के कुल निर्यात में 16 प्रतिशत हिस्सा कृषि से प्राप्त होता है। आज भी देश की लगभग आधी श्रम शक्ति कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में ही लगी हुई है। आर्थिक सर्वे में साल 2018–19 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7 से 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। कृषि संबंधी आंकड़ों का अवलोकन करें तो कृषि विकास दर वर्ष 2016–17 में 4. 9 प्रतिशत थी। वर्ष 2016–17 के आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों का देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत योगदान है। किसी समय में आयात पर निर्भर रहने वाला भारत आज 27.568 करोड़ टन खाद्यान्नों का उत्पादन कर रहा है। भारत गेहूँ, धान, दलहन, गन्ना और कपास जैसी अनेक फसलों के चोटी के उत्पादकों में शामिल है। भारत इस समय दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सब्जी और फल उत्पादक देश बन गया है। देश में 2.37 करोड हैक्टेयर में बागवानी फसलों की खेती की जाती है जिससे वर्ष 2016–17 में कुल 30.5 करोड़ टन बागवानी फसलों का उत्पादन हुआ है। भारत विश्व में मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक व निर्यातक है। भारत की अर्थव्यवस्था में पशुपालन और डेयरी उद्योग का भी महत्वपूर्ण स्थान है। भारत 16.5 करोड़ टन के साथ विश्व दुग्ध उत्पादन में 19 प्रतिशत का योगदान देता है। कुक्कुट पालन में भारत विश्व में सातवें स्थान पर है। अंडा उत्पादन में भारत का चीन और अमेरिका के बाद विश्व में तीसरा स्थान है। देश में 6 लाख टन मांस का कुक्कुट उद्योग उत्पादन करता है। मुर्गी पालन बेरोजगारी घटाने के साथ देश की पौष्टिकता बढ़ाने का भी बेहतर विकल्प है। मौजूदा तौर पर भारत दुनिया का दूसरा बड़ा मछली उत्पादक देश है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो मछली पालन की देश के सकल घरेलू उत्पाद में करीब एक प्रतिशत की हिस्सेदारी है। वर्ष 2015–16 में मछलियों का कुल उत्पादन 1.08 करोड़ टन था। कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में हमारे किसानों की प्रगति का प्रमाण यह है, कि वर्श 2018 में देश का गेहूँ उत्पादन 100 मिलियन टन से ज्यादा हो गया जो कि 1947 में 7 मिलियन टन था। इस तरह की प्रभावशाली प्रगति प्रौद्योगिकी और लोक नीति के बीच पारस्परिक क्रिया से संभव हुई है। भारत में खेती किसानी आज भी जोखिक भरा व्यवसाय है



जिसमें सालाना आमदनी मौसम पर निर्भर करती है। खेती मे बढ़ती उत्पादन लागत व घटते मुनाफे के कारण युवाओं का झुकाव भी खेती की तरफ कम होता जा रहा है। जिस कारण से बड़े स्तर पर युवाओं का शहरों की ओर पलायन हो रहा है। जिससे कृषि श्रमिकों व युवा कृषकों की भी कमी होती जा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि की कमी व कम आमदनी की वजह से रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं। ऐसे में कृषि–आधारित व्यवसायों को रोजगार के विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है। इन क्षेत्रों के अलावा मुधमक्खी पालन, बकरी पालन इत्यादि कृषि से संबद्ध ऐसी गतिविधियां हैं, जिनसे न केवल देश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सहारा मिलता है बल्कि किसानों को भी आर्थिक मजबूती मिलती है।

Hkkjrh; df"k fodkl e vku okyh leL;k,a :– भारतीय कृषि जो देश को आर्थिक स्थिरता, औद्योगिक प्रगति, रोजगार के असंख्य अवसर एवं देश की संस्कृति को आधार प्रदान करती है, स्वयं अनेक समस्याओं से पीड़ित है। प्राकृतिक परिस्थितियों की भिन्नता के कारण कृषि से संबंधित समस्याओं में भी विविधता पायी जाती है। वस्तुतः भारतीय कृषि की समस्याएँ मूलतः प्राकृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक कारणों से सम्बंधित है, जिनका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार है–

1. Hkfe dh moZjk 'kfDr e gkl dh leL;k :– उत्पादकता में बाधक प्रथम तत्व भूमि की उर्वरा शक्ति में निरंतर ह्रास का होना है। कृषकों द्वारा भूमि पर निरंतर फसलों के उत्पादन करने के कारण उपयोगिता होने वाले भोजन तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए आवश्यक मात्रा में खाद एवं उर्वरकों का उपयोग नहीं करने से भूमि की उर्वरा शक्ति निरंतर कम होती जा रही है। इसके साथ ही देश में भू–क्षरण तथा जल रिसाव से भी उर्वरा शक्ति का ह्रास हो रहा है।

2- izkd`frd izdksi :– सामान्यतः देश के किसी न किसी भाग में सदैव ही प्राकृतिक प्रकोप बना ही रहता है। जिसमें मुख्यतः सूखा, बाढ़ व अनियंत्रित वर्षा का होना साथ कीड़े–मकौड़े रोग, बीमारी, आंधी, तूफान आदि से प्रतिवर्ष कृषि को भारी हानि उठानी पड़ती है।

3- mfpr df"k fu;kstu dk vHkko :– कृषि सुधार की जो लम्बी–लम्बी योजनाएँ बनाई गई हैं, उनके कार्यान्वयन के लिये जिन व्यापक संगठनात्मक तथा संरचनात्मक परिवर्तनों की आवश्यकता है और जिनकी उपेक्षा की गई है। सिंचाई उर्वरक, बीज आदि के क्षेत्र में जो प्रगति होनी चाहिए थी वह नहीं हो सकी तथा उनका कार्यान्वयन नहीं हो सका है, जिससे किसानों की आर्थिक हालत में वांछित सुधार नहीं हो पा रहे हैं।

4- fl apkbZ ,oa fo|qrhdj.k dh leL;k :– भारत में वर्षा स्थिति अत्यन्त अनिश्चित एवं अनियमित है तथा वर्ष में केवल कुछ महिनों में ही वर्षा होती है। निरंतर प्रयासों के बावजूद सिंचाई के साधनों का अभी भी पर्याप्त विस्तार नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में ही भारतीय कृषि अनिश्चित हो जाती है। इसके साथ ही विद्युतीकरण की अपर्याप्त सुविधा भी एक प्रकरण समस्या है जिसका गांवों में विकास न होना एवं समय

पर विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होना भी भारतीय कृषि की समस्याएँ हैं।

5- foi.ku ,o dherk lEc/kh leL;k, :– कृषि उत्पादन में वृद्धि होते हुए भी कृषकों को कृषि व्यवसाय से प्राप्त उत्पादों की उचित विपणन व्यवस्था व कीमत–नीति के अभाव में अनुकूलतम लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। कृषि उत्पादों की कीमतों में अत्यधिक उतार–चढ़ाव मण्डी में विपणन मध्यस्थों की अधिकता खाद्यान्नों के विपणन में विपणन लागत की अधिकता, विपणन कुरीतियॉं नियन्त्रित मण्डियों का अभाव, कृषकों की कीमत ज्ञान की अज्ञानता, संग्रहण के लिए गोदामों का अभाव आदि, समस्याओं के कारण कृषकों को उत्पाद के विक्रय से उचित कीमत प्राप्त नहीं होती है।

6- df"k lc/kh vU; leL;k, :– भारतीय कृषि के विकास में उपरोक्त समस्याओं के अलावा भी अनेकों समस्याएँ भारतीय कृषि के क्षेत्र में विद्यमान है, जिनमें ठोस व सही कृषि नीति का अभाव शीत ग्रह एवं भण्डारग्रहों का अभाव, कार्यगत पूँजी का अभाव, कृषि अनुसंधानों की कमी, उत्तम बीजों एवं खाद व उर्वरकों का अभाव एवं कृषकों में शिक्षा का अभाव जैसी प्रमुख समस्याएँ आज भी भारतीय कृषि के विकास में पर्याप्त रूप से देखी जा सकती है।

df"k {k= e vku okyh leL;kvk dk lek/kku :– भारतीय कृषि से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए विस्तृत पैमाने पर संगठित एवं समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। विश्व यह विचित्र तमाशा देख रहा है कि अमेरिका जो औद्योगिक दृष्टि से सबसे विकसित देश है, भारत जैसे कृषि प्रधान देश को खाद्यान्न दे रहा है, जहॉं कृषि के अन्तर्गत आये क्षेत्रफल के 75 प्रतिशत भाग पर खाद्यान्न की पैदावार होती है और जहॉं श्रमिक बल में से 49 प्रतिशत लोग केवल खाद्यान्न की खेती में लगे हैं। जैसे–जैसे समय बीतता जायेगा, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में खाद्य निर्यात करने वाले देश खाद्य–पदाथों को आयात करने वाले देशों के विरूद्ध इसे एक राजनीतिक अस्त्र के तौर से इस्तेमाल करेंगे। इसलिए यदि भारत को जिन्दा रहना है और प्रगति करनी है तो उसे कृषि को सर्व प्रमुखता प्रदान करनी होगी इस प्रकार उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखते हुए कृषि की समस्याओं के समाधान हेतु निम्न प्रयास किये जा सकते हैं –

1- u;h rduhdh lk/kuk d i;kx :– देश की कृषि के विकास के लिए आवश्यक उपाय कृषि के संबंध में नई तकनीकी प्राप्त करने व उसे किसानों तक पहुॅंचाने की व्यवस्था करना। जिसमें तकनीकी यंत्रीकरण का आधुनिकरण के साथ विभिन्न यांत्रिक साधनों का प्रयोग किया जाना चाहिए। जिससे कृषि में उत्पादकता को बढ़ाया जा सके, यातायात के माध्यम से समय व श्रम को बचाया जा सके। सिंचाई के साधनों में आधुनिक यंत्रों जैसे, नोजल, पंप, पाईप व मशीन का उपयोग कर, कम पानी का प्रयोग कर सही व जरूरत के अनुसार सिंचाई कर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

2- Qly pdh;dj.k dh ifd;k dk viukuk :– भारतीय कृषि की पद्धतियों में यह देखा जाता है कि प्रायः किसान एक या दो फसलों का उपयोग करते हैं। जिस कारण से उत्पादकता में वृद्धि नहीं होती है इन समस्याओं के समाधान के लिए फसल चक्रीयकरण को अपनाया जाना चाहिए ताकि उस फसल को रोग व बीमारियों से भी बचाया जा सके एवं उत्पादन को भी बढ़ाया जा सकता है।

3- ugj] ck/k ,o unh tkM ifj;kstuk, dk fuek.k djuk – भारत की कृषि मौसमी कृषि है अर्थात् मानसून आधारित कृषि है। जिससे केवल मानसून के आधार पर खेती की जाती है, और बाकी समय में खाली खेती पड़ी रहती है, क्योंकि यहॉं सिंचाई की आधुनिक एवं पर्याप्त सिंचाई सुविधा नही पाई जाती है। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए भारत की कृषि को विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि सिंचाई की पर्याप्त सुविधा की जाए, जो इन नहरों व बॉंधों के निर्माण के साथ ही नदियों को जोड़कर पर्याप्त पानी की उपलब्धता करनी होगी, साथ ही हर गॉंव में तालाब निर्माण की व्यवस्था भी करनी होगी, जिससे कृषि सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की पूर्ति हो सके ताकि हर मौसम में खेती को किया जा सके।

4- mfpr df"k uhfr;k dk fuek.k :– भारतीय कृषि को विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि पर्याप्त व किसान हित में उचित व सरल नीतियों का निर्माण किया जाए, ताकि किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने और कृषि क्षेत्र को नया रूप देने के साथ–साथ कृषि को समय के साथ विकसित किया जा सके।

5- mfpr df"k eY; dh 0;oLFkk :– कृषि उपज का स्तर निर्धारित करने में कृषि मूल्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कृषि के उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, ताकि किसान कृषि को लगन एवं आत्मविश्वास के साथ कर सके, क्योंकि बढ़ती हुई कीमतें किसानों को प्रोत्साहन देती है, लेकिन किन्हीं कारणों से कृषि उपज मूल्य में अनुचित गिरावट किसानों को हतोत्साहित कर देती है। इसलिए फसल के पूर्व समर्थित मूल्य के निर्धारण की अत्यन्त आवश्यकता है। किसानों को इससे अनिश्चितता का सामना नहीं करना होगा। उन्हें भविष्य में कीमत के उच्चावचनों के बावजूद यह जानकारी होगी कि वस्तु की कीमत निर्धारित मूल्य से नीचे नहीं आ सकती और वे अपने विनियोग निर्णय को तद्नुसार व्यवस्थित कर सकेंगे।

6- df"k _.k dh i;kIr lfo/kk :– भारतीय कृषि मानसूनी निर्भरता होने के साथ–साथ अधिक लागत की कृषि भी है। जिस कारण से यहॉ के किसान पर्याप्त मात्रा में बीज, खाद व कीटनाशकों का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। इसलिए भारतीय कृषि को विकसित करने के लिए किसानों को पर्याप्त ऋण संबंधी सुविधा भी दी जानी चाहिए, ताकि अधिक आधुनिकीकरण व संसाधनों का प्रयोग कर कृषि को एक व्यवसाय के रूप में कर सकें एवं अपने कृषि के कार्यों को आधुनिक तरीकों से कर सकें।

7- df"k dk;ks e yx ykxk dk if'k{k.k dh 0;oLFkk :– यह भी भारतीय कृषि की एक प्रमुख समस्या है कि यहॉ के किसान अनपढ़ एवं अशिक्षित हैं, जो कृषि की नई–नई विधियों व तरीकों को सही तरीके से करने में असमर्थ है। आधुनिक व वैज्ञानिक तरीके से कृषि कार्यों को करने में भारतीय किसान अन्य देशों के किसानों की अपेक्षा कम जानते हैं। इसलिए इन्हें सक्षम व कृषि संबंधी जानकारियों से अवगत कराने के लिए इन्हें, शिक्षण व प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि यहॉ के किसान यंत्रीकरण व वैज्ञानिक पद्धति का प्रयोग कर अधिक से अधिक कृषि में उत्पादन का कार्य कर सकें।

8- df"k vuqla/kkuk dh lfo/kk :– इन सभी सुविधाओं के साथ ही कृषि के क्षेत्र में शोध संबंधी नये–नये कार्यक्रम करना आवश्यक है जिससे नये–नये तरीकों व वैज्ञानिक पद्धतियों का पता लगाया जा सके, एवं कम साधन व लागत में अधिक उत्पादन किया जा सके साथ ही कृषि शिक्षा को भी बढ़ाया जा सके।

संक्षेप में कहा जा सकता है कि कृषि को निर्वाहमयी व्यवसाय से लाभपूर्ण व्यवसाय में बदलने के लिए कृषि पर आश्रित जनसंख्या के जीवन स्तर में सुधार हेतु और देश के प्रमुख व्यवसाय कृषि को विविधीकृत करने के लिए संस्थागत और तकनीकी सुधारों की आवश्यकता है।

'kks/k ikflr ;k :– भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु कृषि क्षेत्र को भी सुदृढ़ होना आवश्यक है, जिसके हेतु :–

1. कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं नवीन तकनीक का समावेश होना चाहिए,जिससे कृषि क्षेत्र की उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाया जा सके।
2. कृषि क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों एवं कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करें, ताकि कृषकों के जीवन स्तर में वृद्धि हो सके।

fu"d"k :– कृषि क्षेत्र भारत ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे प्राचीन व्यवसाय है और आज भी संपूर्ण विश्व की जनसंख्या का लगभग दो तिहाई भाग पूर्ण रूप से कृषि पर आश्रित है, जिस प्रकार मनुष्य के शरीर में रीढ़ की हड्डी का महत्व है ठीक वैसे ही भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्व है। कृषि हमारे देश की लगभग 49 प्रतिशत लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका का प्रमुख साधन है। कृषि देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि औद्योगीकरण मूल रूप से कृषि विकास की ही देन है। जो पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध करानी है। भारत जनसंख्या बाहुल्य राष्ट्र होने के कारण कृषि पर निर्भरता अत्यधिक रूप से बढ़ जाती है, क्योंकि यह लोगों को रोजगार देने के साथ–साथ, जीवन–निर्वाह का भी प्रमुख आधार है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की धुरी है, जिसके चारों ओर विकास का चक्र चलता है।, चाहे वह व्यापार हो, उद्योग हो, रोजगार के अनेकों साधन, सामाजिक या राजनैतिक एवं समस्त आर्थिक गतिविधियॉ कृषि के विकास के साथ सम्पन्न होती जाती है। क्योंकि सभी क्षेत्र मानव से लगे हुए हैं, और मानव कृषि के उत्पादों से। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने में सभी मानवीय प्राकृतिक संसाधनों, तथा अन्य क्षेत्रों के विकास में कृषि की उपयोगिता सर्वोपरी है। अन्तः इन सभी क्षेत्रों के विकास में ही भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास हो सकता है जो कि कृषि की उपेक्षा करने पर संभव नहीं है।

आज भारतीय कृषि के क्षेत्र में अनेकों समस्याएँ हैं, लेकिन इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और कृषि को विकसित कर भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व पटल पर ले जाया जा सकता है। अन्त में इस अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है, कि कृषि क्षेत्र व इससे संबंधित संसाधनों को प्राथमिकता दिये बगैर या अन्य देशों के समतुल्य विकसित किये बिना ही, भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने की बात करना एक पूर्णतः बेईमानी होगी।

lanHk xzFk :–

- अग्रवाल एन.एल. (2015) भारतीय कृषि का अर्थतंत्र' 'भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि'' प्रकाशक– राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, ISBN-978-93-5131-108-9, पृ.क्र. 12–13.
ftys esa moZjdksa d s Á;ksx ,oa mRiknd rk esa of) %& कृषि विकास में यंत्रीकरण (कृषि तकनीकि) का तात्पर्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने वाले तत्वों से है। जिससे भूमि की उर्वराशक्ति बढ़े एवं फसल का उत्पादन प्रभावित हो। कृषि यंत्रीकरण के अंतर्गत उन सभी आधुनिक एवं पुरात्तन तत्वों को समाहित किया जाता है। जिससे किसान को फसल उत्पादन में होने वाली असामयिक क्षति को रोका जा सके। इसके अंतर्गत उपयुक्त बीजों का विकास, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने वाली विधियाँ, पौध संरक्षण विधियों, बीजोपचार विधियाँ इत्यादि सम्मिलित है। इन तकनीकियों एवं विधियों के कारण उपलब्ध परिस्थितिकिय के अनुरूप फसलों एवं पशुओं की नस्लों का विकास किया गया है। जो कदाचित पहले प्राकृतिक बाँधाओं के कारण कृषि के लिए लाभप्रद नहीं समझे जाते थे।

जिले की कृषि अत्यन्त पिछड़ी हुई अवस्था में है। विषम धरातल वाले क्षेत्रों में आज भी प्राचीन विधियों (यंत्रों) का प्रयोग कृषि में किया जा रहा हैं जिसमें बैलों से जुताई, हंसियाँ, कुल्हाड़ी, फावड़ा, खुरपी, गोबर खाद तथा पशुधन आगतों का प्रयोग किया जाता है। जिससे कि कृषि विकास में उत्पादकता का स्वरूप निम्न स्तर का है।

rkfydk Øekad&1

ckyk?kkV ftys moZjdksa d s Á;ksx lca/kh mRiknrkvksa dk vfHker

Ø-	fodkl [k.M dk uke	lof{kr xzkeksa dh la[;k	lof{kr ifjokjksa esa mRiknrkvksa dh la[;k	jklk;fud moZjd		tSfod moZjd		xkscj [kkn		vU; ckn	
				संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1.	कटंगी	8	560	211	37.68	88	15.72	210	37.50	51	9.10
2.	वारासिवनी	8	640	388	60.62	37	5.78	198	30.94	17	2.66
3.	खैरलांजी	6	480	226	47.08	44	9.16	165	34.37	45	9.47
4.	लालबर्रा	6	420	287	68.33	22	5.23	97	23.09	14	3.35
5.	बालाघाट	8	560	286	51.07	74	13.21	166	29.64	34	7.08
6.	किरनपुर	6	480	195	40.62	26	5.42	221	46.04	38	7.92
7.	लांजी	6	420	188	44.76	27	6.42	186	44.28	19	4.54
8.	बैहर	8	640	165	25.78	31	4.84	414	64.68	30	4.70

9.	परसवाड़ा	8	560	132	23.57	26	4.64	387	69.10	15	2.69
10.	बिरसा	6	360	112	31.11	21	5.83	210	58.33	17	4.73
11.	बालाघाट	70	5120	2190	42.77	396	7.73	2254	44.02	280	5.48

L=kr& ग्रामीण सर्वेक्षण पर आधारित

तालिका से स्पष्ट होता है कि जिले में कृषक रासायनिक उर्वरकों के ही साथ गोबर की खाद का भी प्रयोग बहुतायत से करते है। सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ। कि 42.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रासायनिक उर्वरक के उपयोग को बताया, जबकि 44.02 प्रतिशत उत्तरदाता ही जैविक तथा केचुआँ खाद के उपयोग में अपनी सहमती व्यक्त की। सर्वाधिक रासायनिक उर्वरक का उपयोग वरासिवनी एवं लालबर्रा विकासखण्डों के किसान करते प्राप्त हुए, दोनों ही विकासखण्डों में क्रमशः 68.33 एवं 60.62 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रासायनिक उर्वरक का उपयोग किया, जबकि गोबर की खाद का उपयोग परसवाड़ा, बैहर एवं बिरसा विकासखण्डों में किया जाता है। इन विकासखण्डों में क्रमशः 69.10 64.68 एवं 58.33 प्रतिशत उत्तरदाता गोबर की खाद का उपयोग कर रहे है।

rkfydk Øekad&2

ckyk?kkV ftys moZjdksa dk iz;ksx ¼o"kZ 1980&2011½

Øa-	fodkl [k.M dk uke	1980&81		1990&91		2001&02		2010&11	
		क्षेत्रफल (हे.मं.)	मात्रा (टन में)	क्षेत्रफल (हे.मं.)	मात्रा (टन में)	क्षेत्रफल (हे.मं.)	मात्रा (टन में)	क्षेत्रफल (हे.मं.)	मात्रा (टन में)
1.	कटंगी	17302	226.35	29906	692.77	29113	721.55	38627	8640.61
2.	वारासिवनी	16475	632.66	30330	1745.12	29861	1621.10	38856	9512.36
3.	खैरलांजी	17421	222.44	27489	525.28	25316	1358.27	41997	8316.32
4.	लालबर्रा	19527	612.32	34533	1579.26	33146	1432.42	43009	8320.16
5.	बालाघाट	12424	237.35	24486	649.73	28727	916.58	42402	9360.32
6.	किरनपुर	13558	227.25	30934	552.66	31503	1036.35	46741	8364.16
7.	लांजी	875	26.55	15395	89.24	31346	2093.74	44553	8328.23
8.	बैहर	1216	13.26	4071	38.30	15039	5257.99	32434	2815.40
9.	परसवाड़ा	1375	6.21	6891	18.95	19543	221.80	33444	2844.11
10.	बिरसा	1655	7.24	4350	15.25	24258	407.95	32763	2844.11
11.	बालाघाट	101828	2211.63	208388	5906.56	267852	10067.75	394826	69345.78

L=kr %& उप संचालक कृषि कार्यालय बालाघाट

तालिका से स्पष्ट होता हैं कि जिले में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में निरन्तर वृद्धि की प्रवृत्ति पायी गई है–

1. वर्ष 1980–81 में जिले में 2211.63 टन रासायनिक उर्वरक का प्रयोग किया गया जो वर्ष 1990–81 में बढ़कर 5906.56 टन हो गया। इस प्रकार विगत 10 वर्षो में उर्वरको के प्रयोग में 167.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1980–81 में 101828 हेक्टेयर भूमि पर उर्वरकों का प्रयोग किया गया। जिसका क्षेत्रफल बढ़कर वर्ष 1990–91 में 208388 हेक्टेयर भूमि हो गया। इस प्रकार विगत 10 वर्षो में 104.64 प्रतिशत क्षेत्रफल में वृद्धि हुई। वर्ष 1980–81 में 2.17

किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रासायनिक उर्वरक का प्रयोग जिले में किया जा रहा था। जो वर्ष 1990–91 में बढ़कर 2.83 हो गया। इस प्रकार विगत 10 वर्षो में 30.41 प्रतिशत किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बढ़ा।

2. वर्ष 1990–91 में जिले में लगभग 5906.56 टन विभिन्न प्रकार के उर्वरकों का प्रयोग किया गया। जिसकी मात्रा बढ़कर वर्ष 2001 में 10067.75 टन हो गयी। इस प्रकार विगत 10 वर्षो में रासायनिक खादों के उपयोग में 70.45 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की गई। वर्ष 1990–91 में 208388 हेक्टेयर भूमि पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया गया। जबकि वर्ष 2000–01 में 267852 हेक्टयर भूमि पर विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किया गया। इस प्रकार वर्ष 1991–2001 के मध्य 1185.40 प्रतिशत क्षेत्रफल में वृद्धि हुई। वर्ष 1990–91 में 2.83 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग जिले में किया जा रहा था जिसकी मात्रा बढ़कर वर्ष 2001 में 70.45 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर हो गयी।

leL;k,a %& प्रस्तुत शोध पत्रक की निम्नलिखत समस्याएँ है।

1. कृषकों में शिक्षा का अभाव
2. दोषपूर्ण भू–स्वामित्व व्यवस्था
3. कृषकों का भाग्यवादी एवं अप्रगतिशील दृष्टिकोण
4. खाद एवं उर्वरकों का समय पर प्राप्त न होना
5. आधुनिक कृषि यंत्रों एवं उपकरणो का अभाव
6. जिले में यातायात एवं संचार सुविधाओं का अभाव

l>ko %& कृषि की उत्पादकता को एक अपेक्षित स्तर तक बढ़ाना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि भूमि का क्षेत्रफल बढ़ाने की सम्भावनाये बड़ी सीमा तक समाप्त हो चुकी है। बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केवल यही उपाय रह गया है। कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन बढ़ाया जाये कृषक को रासायनिक उर्वरकों का उपभोग करते समय सर्वप्रथम मृदा की जांच करना अवश्यक है मृदा (मिट्टी) में जिस पोषक तत्व की कमी पाई जाये उस पोषक तत्व का इस्तेमाल कृषक करें जो कि कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

fu"d"k %& बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला होने के साथ ही साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल्य जिला भी है। जो कि परम्परागत कृषि तकनीकियो एवं विधियों को अपनाये हुए है। वारासिवनी, लालबर्रा, कटंगी एवं लांजी विकासखण्डो में कृषि उन्न्त अवस्था में प्राप्त होती है। अधिक उन्नत एवं अधिक उत्पादकता होने का कारण किसानो द्वारा गोबर खाद, कम्पोस्ट खाद, जैविक खाद, के प्रयोग के साथ ही साथ यूरिया, पोटाश, नाईट्रोजन, फासफोरस आदि मिश्रित अनेको रासायनिक उर्वरकों का भी प्रयोग किया जाना है। वही दूसरी ओर बैंहर, बिरसा एवं परसवाड़ा विकाखण्डों में उत्पादकता का स्तर निम्न पाया जाता है। निम्न उत्पादकता का कारण विषम धरातल होने के साथ ही साथ कृषकों का जागरूक न होना तथा शिक्षा का निम्न स्तर मुख्य है जो कि रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम मात्रा में करते है।

lanHkZ xzUFk lwph %&

1. श्रीवास्तव, डॉ. दया शंकर (1993) : कृषि के परिवर्तनशील प्रतिरूपों का भौगोलिक अध्ययन, क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली

2. उमाहिया कृष्ण कुमार (1993) : कृषि विकास की समस्याएँ, मित्तल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली

3. त्रिपाठी डॉ. बद्री विशाल (2008) : भारतीय कृषि (समस्याएँ, विकास एवं संभावनाये) किताब महल सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद

4. सिंह डॉ. राजपाल (2014) : ''कृषि अर्थशास्त्र'' भारती भण्डार, सुशील कॉम्पलैक्स, वेस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ

5. बालाघाट जिला सांख्यिकीय कार्यालय, बालाघाट

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

Ñf"k {k= e: eujxk dk ;kxnku

श्री राजेश तिवारी
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग), महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, करौंदी जिला कटनी

भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या की अजीविका का साधन कृषि एवं कृषि से सबंधित क्षेत्र है। कुल कृषि श्रमिको में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी महिलाओं की है। देश की विशाल जनसंख्या की खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति के अतिरिक्त कृषि से कृषि आधारित उद्योगों को कच्चा माल बड़ी संख्या में लोगो को रोजगार और कृषि उत्पादों के निर्यात से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। कृषि के अंतर्गत फसल उत्पादन के अलावा पशुपालन बागवानी, मतस्य, कृषि आधारित उद्योगों के लिए कच्चे माल जूट, कपास रेशम आदि का उत्पादन जैसे सभी कार्यो को सम्मिलित किया जाता है। जो सीधे तौर पर भूमि से जुड़े है।

Ekujxk dk ifjp; :– महात्मां गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) जो की गरीबी को प्रभावी तरीके से दूर करने और ग्रामीण विकास की दिशा तीव्र करने के लिए केन्द्र सरकार ने इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम को 7 सितम्बर 2005 को अधिसूचित किया। 2 फरवरी 2006 से इसे पहले 200 जिलो में शुरू किया गया तथा 1 अप्रैल 2008 को यह पूरे देश में लागू किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक वर्ष 100 दिनो का मजदूरी योग्य गारंटीशुदा रोजगार प्रदान करना है। और न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के प्रावधान शामिल कर इसे लाभोन्मुख बनाया गया है।

eujxk dk Ñf"k ij ÁHkko :– भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। जिसमे कृषि का वर्षा आश्रित होना सबसे बड़ी बाधा है। यद्यपि कृषि की स्थिति में सुधार लाने के लिए अनेक प्रसास किये गए है। विशेषकर लघु एवं सीमांत कृषको की कृषि में सुधार लाने में मनरेगा की अपार सभावनाए है।

मनरेगा समस्त मिटटी के कार्य भूमि विकास जल संरक्षण एवं संवधर्न पौधा रोपण एवं वानिकरण इत्यादि गतिविधियो से सबंधित है जिसके परिणामस्वरूप कृषि रकबे में भी सीमित वृद्धि हुई है। इसके साथ ही यह भी अपेक्षित था कि इससे सिंचाई की सुविधाओ में सुधार होगा जिससे उत्पादन में बढोत्तरी हुई एवं सकल कृषि उत्पादन में भी वृद्धि हुई इसके अलावा अन्य कारक है जो कृषि क्षेत्र में विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है वो है समय एवं आव यक वर्षा, सूक्ष्म वित्त, गुणवत्ता वाले कुषि उपकरणों एवं सामग्री की समय पर उपलब्धता। उपयोजनाओ द्वारा कृषि क्षेत्र में मनरेगा का निम्न कार्यो से योगदान रहा है।

1 dfiy /kkjk :– कपिल धारा उपयोजना में निजी भूमि पर सिंचाई सुविधाओ के विकास के लिए किये जाने वाले कार्य जैसे नवीन कूप भू–जल पुर्नमरण, खेत तालाब, मेसनरी चैक डेम, स्टॉप–डेम, आर.एम.एस. लघु तालाब का निर्माण कराया जाता है।

2 **भूमि शिल्प उपयोजना** :– इस उपयोजना में कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए भूमि सुधार के कार्यो से संबधित है। इसके तहत अनउपजाऊ भूमि को कृषि योग्य बनाने में सहायता प्रदान की जाती है। योजना में भूमि विकास के कार्य जैसे समतलीकरण और मेढ़ बंधान आदि कराये जाते है।

3 **शैलपूर्ण उपयोजना** :– इस उपयोजना के अंतर्गत ग्रामीणो को जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराने के कार्य किये जाते है। इसके साथ ही पशुओ हेतु चारा की उपलब्धता के कार्य भी होते है। इसके लिए वनस्पाति विहीन पहाड़ियो पर वर्षा जल को रोकने, टीलो पर वर्षा जल और मिट्टी कटाव को रोकने के कार्य किये जाते है। इसके तहत कंटर ट्रेंच और पहाड़ियो पर छोटी नालियो बनायी जाती है।

4 Uknu Qyk?kku mi;kstuk :– इस उपयोजना अतर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में उद्यानिकी प्रजाती के पौधो जैसे आम, आवला, अमरूध, संतरा, नींबू, मौसबीं इत्यादी फलदार पौधे रोपित किये जाते है। जो पर्यावरणीय स्थिरता और पारिथितिकी संतुलन बनाने के साथ साथ ग्रामीणो की आय सृजन का स्थायी स्त्रोत भी उपलब्ध कराते है।

5 **रेशम उपयोजना** :– इस उपयोजना का उद्देश्य हितग्राही की निजी भूमि पर शहतूत प्रजाति के वृक्षारोपण को बहुउद्देशीय गतिविधियो मे शामिल करना है।

6 **वाटर शेड प्रोग्राम** :– श्रृंखलाबद्ध नालियों पर जल संरचनाएँ उपयोजना का उद्देश्य वर्षा ऋतु के बहकर व्यर्थ जाने वाले जल संरक्षण और संवर्द्धन करना।

miyfC/k;k :–

1. भैसदेही विकास खण्ड के डेडवाकुंण्ड गॉव के गंगा राम आदिवासी के पास एक हेक्टेयर जमीन थी। इस जमीन पर वे बरसाती फसल ले पाते थे पर उनके परिवार के लिए यह पूरी नही हो पाती थी। उन्हे पता लगा रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत सरकार बिना किसी कीमत के फलदार पौधे लगा रही है। नंदन फलोउद्यान योजना से ग्राम पंचायत ने उनकी जमीन पर 450 संतरे के पौधे लगाए। गंगा राम ने खुद मेहनत करके इन पौधो की देखभाल से पौधे संतरे से लद पड़े। गगांराम का संतरे के कारोबारी बनने का सपना पूरा हो गया।

2. dfiy/kkjk dwi ls fgjÅyky cus y[kifr – जिला बालाघाट के विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पचांयत रघोली में निवास करने वाले एक साधारण सा किसान हिरऊलाल पंचतिलक मनरेगा योजना के तहत निर्मित कपिलधारा कूप के चलते लखपति कृषक बन गये। उन्होने गर्मी के मौसम में कपिल धारा कूप उपयोजना द्वारा 400 क्विंटल से अधिक से अधिक पैदावार करके लखपति कृषक बन गये।

3. is;ty dwi ls cuk;k lkgknz dk okrkoj.k – मनरेगा से निर्मल नीर उपयोजना द्वारा बैतूल जिले के घोडाडोंगरी विकासखण्ड के ग्राम मलसिवनी में इस योजना के तहत पेयजल कूप का निर्माण कराया गया कूप बनने से जहाँ जॉबकार्ड धारी लोगो को रोजगार मिला वही पेयजल का पुख्ता इंतजाम हो गया।

ऐसी कई उपलब्धिया है। जिसके अंतर्गत कृषि क्षेत्र के लिए मनरेगा की महत्वपूर्णता निरन्तर बढती जा रही है।

lUnHkZ :–

1. ग्रामीण विकास मत्रांलय भारत सरकार की बेवसाइट www.Rural.in
2. मनरेगा की बेवसाइट www.Manrega.nic.in
3. मासिक पत्रिका कुरूक्षेत्र मार्च 2018
4. मासिक पत्रिका योजना मई 2017

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

e/; çns'k dh vFkZ0;oLFkk e: कृf"k fodkl dk ;kxnku

ufork jktqjdj
रिसर्च स्कोलर, B.U. Bhopal

ifjp; %& भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि भारतीय लोगों की अजीविका का मुख्य साधन है। लगभग 60**%** जनसंख्या कृषि पर निर्भर हैं आर्थिक जीवन का आधार, रोजगार का प्रमुख श्रोत तथा विदेशी मुद्रा अर्जन का माध्यम होने के कारण कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था कि रीड कहा गया है। 1960–61 में भूमि सुधार कार्यक्रम का सूत्रपात किया जिससे किसानो को भूमि पर आधकिर व भू–जोतो की अधिकतम सीमा, चकबन्दी जिससे कृषक वर्ग को लाभी हो सके। ताकि भारतीय कृषि की उत्पादन क्षमता में सुधार हो सके। भारत देश विश्व में विभिन्न कृषि उत्पादों का एक बड़ा उत्पादक है। उत्पादन की मात्रा की दृष्टि से भारत दुग्ध उत्पादन सर्वोच्च स्थान पर है आधुनिक अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र में प्रगति की और अग्रसर होने के लिए उत्पादन उत्पादकता, भंडारण, उधोगो एवं बाजार में एक साशक्त प्रणाली का कार्यन्वयन आवश्यक है।

राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में (1991) से वर्ष 2011–2012 के मध्य कृषि क्षेत्र का 15.77**%** योगदान है। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास प्रक्रिया में यह एक महत्वपूर्ण अपेक्षित परिवर्तन है। एक अतिरिक्त कृषि एवं सम्बन्ध क्षेत्र 70**%** से अधिक जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध कराता है। हमारे राष्ट्र की उन्नति प्रमुखतः कृषि विकास पर निर्भर है। भारत में संरचनात्मक परिवर्तन के फलस्वरूप कृषि क्षेत्र के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 1990–91 के 30**%** से वर्ष 2010–11 में 14.4**%** के 9.02**%** से वर्ष 2013–14 में सकारात्मक एवं बढ़ती हुई विकास दर के साथ 22.43**%** की वृद्धि रही है।

v/;;u {ks= %& मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहाँ प्राकृतिक संसाधन जिसमें वन, खनिज, पत्थर मौर नदियां प्रचुर मात्रा में है मध्य प्रदेश मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की लगभग 73**%** जनसंख्या ग्रामीण है। जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। मध्य प्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा बड़ा राज्य है जनसंख्या की दृष्टि से देश का छठा सबसे बड़ा राज्य है। जनसंख्या आर्थिक, शक्तियां, पशुधन दबाव एवं विभिन्न प्रकार की सस्थाये जो भूमि उपयोग को औपचारिक या अनौपचारिक रूप से नियमित करती है। शिथिल होने के कारण हाल के वर्षो में राज्य में भूमि उपयोग में परिवर्तन में प्रभाव डाला है। जिससे विकास में तेजी आई है। जो पूर्णतया कृषि पर निर्भर लघु कृषक (27.15**%**) औसत सीमांत कृषक (40.45**%**) जो कि तुलनात्मक दृष्टि से अधिक है। कृषि और संबंधित क्षेत्रों के विकास के लिए ठोस कदम उठाने के जरूरत है। ताकि कृषि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में और ज्यादा योगदान है।



मध्य प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्र 308144 वर्ग कि.मी. है। जिसमें से शुद्ध बोया गया क्षेत्र लगभग 150.78 लाख हेक्टेयर (49.05%) है। सिर्फ 0.24 हेक्टेयर प्रति व्यक्ति भूमि ही विभिन्न कृषि गतिविधियां हेतु उपलब्ध है जिसमें खाद्यान तिलहन, दलहन और अन्य फसलों की खेती शामिल है।

e/; çns'k dh vFkZ0;oLFkk e: कृf"k dk ;ksxnku %& मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि और संबंद्ध सेवाए लगभग 44% हिस्सेदारी का योगदान करती है। और 78% सीधे कृषि से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार कृषि मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ है।

कृf"k e: e/; çns'k GDP e: l: कृf"k dk ;ksxnku 2011



मध्यप्रदेश कृषि कि अर्थ व्यवस्था में कृषि योगदान में निम्न तालिका में दर्शाया गया है। अपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि सकल घरेलु उत्पाद में कृषि का योगदान का अध्ययन करने पर पता चलता है। कि 2011 में सबसे कम 22.5% और 2015 में सबसे अधिक 30.3% तक है।

e/; izns'k e: d`f"k fodkl dh izo`fRr %& मध्यप्रदेश कि अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है म.प्र. कृषि विकास की प्रवृत्ति का अध्ययन भी जरूरी है। जिससे देश व राज्य कृषि विकास पर निव है। जिससे विकास हो सके।

d`f"k fodkl dh o`f) nj %&

1993 – 94	–	02.06
1998 – 99	–	02.06
2004 – 05	–	04.13
2005 – 12	–	07.173
2008 – 13	–	10.82

उपयुक्त तालिका में दिखाई दे रहा है। कि कृषि विकास से वृद्धि दर बढ़ रही है 1993–94 मं (2.06%) थी और 2008 में 10.82% हो गई है अतः कृषि विकास कि योजनाओं का इसमें मुख्यतः योगदान है।

df"k fodkl dh pukfr;k %&

1. लघु एवं सीमांत कृषक से कृषि उत्पादन में प्रभावित।
2. तापमान में वृद्धि अनियामित वर्षा एवं जैव व अजैव प्रभाव के कारण परिवर्तन।
3. औद्योगिकरण शहरीकरण आवास एवं आधारभूत सुविधाओं के कारण कृषि भूमि में परिवर्तन।
4. कृषि क्षेत्रों में उच्च उत्पादन उत्पादकता में परिवर्तन।

I >ko %&

1. बीज खाद मशीनीकरण के उपयोग को बढाया।
2. शीत भंडारण प्रकोष्ठ को बढ़ाया।
3. कृषि में जल कि पूर्ति के माईकों सिंचाई कि पद्धति का प्रयोग कर सकते है।
4. जी.डी.पी. में कृषि प्रतिशत को बढाने के लिए व्यापारिक फसलों को प्रोत्सान करना चाहिए।

fu"d"k %& अतः हम कह सकते है कि भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था कि रीड है। कृषि विकास से कृषि क्षेत्र में नई तकनीको के प्रयोग से कृषि विकास में तेजी से वृद्धि देखी गई है जिससे मध्यप्रदेश में कृषि विकास हुआ है

I UnHk %&

1. कुमार प्रमिला एवं शर्मा श्री कमल 2005 कृषि भूगोल मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल
2. कमलेश एस.आर 1996 विलासपुर संभाग में कृषि विकास का स्तर तक भौगोलिक अध्ययन वसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर
3. डॉ. प्रमिला कुमार एवं श्री कमल शर्मा मध्यप्रदेश एक भौगोलिक अध्ययन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी
4. जिला सांख्यिकी पुस्तीका

e/;in'k e: df"k fodkl % ,d fo'y"k.kkRed v/;;u

tkQj ftykuh
रसायनशास्त्र, शा.बिछुआ महा. छिंदवाड़ा

d'k ekgEen vlkjh
अर्थशास्त्र, अ.प्र. सिंह वि.वि., रीवा

iLrkouk %& भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहाँ की 75 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। मध्यप्रदेश भारत के उन राज्यों में है, जहाँ कृषि उत्पादन बहुतायत में किया जाता है और वर्तमान में कृषि उत्पाद क्षेत्र में प्रयुक्त राज्यों में से एक है। मध्यप्रदेश में विभिन्न प्रकार की फसलें पैदा की जाती है। जिनमें गेहूँ एवं सोयाबीन प्रमुख है। यहाँ के कोसे उत्पादन भी प्रमुखतः से किया जाता है जिससे बनी चीजें निर्यात की जाती है। विगत कई वर्षों से मध्यप्रदेश के कृषि कार्यमय पुरस्कृति किया गया है। कृषि व्यवस्था में आधुनिक तकनीक, उन्नत किस्म के बीच एवं खाद्य सिंचाई को प्राथमिकता दी जाती है जिन कारणों से कृषि उत्पादन में आसातीत वृद्धि हुई है। जो राज्य के साथ–साथ देश के सम्पूर्ण आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध हुई है।

'kk/k ifof/k %& शोध पत्र तैयार करते समय सांख्यकीय शोध प्रविधि एवं पत्रिकाओं का पर्याप्त प्रयोग किया गया है। प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोत के प्रमुख संकलन वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण तत्पश्चात् निष्कर्ष निकाला गया है निर्दशन का प्रयोग किया गया है। साक्षात्कार एवं अवलोकन पद्धति का भी पर्याप्त प्रयोग किया गया है।

mnns'; %&

- मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन का अध्ययन करना।
- मध्यप्रदेश कृषि विकास के कारणों का पता लगाना।
- कृषि विकास में आने वाली बाधाओं का अध्ययन करना।
- कृषि उत्पादन में आने वाली बाधाओं को सुझाव पूर्वक प्रस्तुत करना।
- मध्यप्रदेश कृषि विकास में पर्याप्त अवसर प्राप्त है।
- मध्यप्रदेश में कृषि विकास के लिए पर्याप्त विकास नहीं किया गया है।
- मध्यप्रदेश कृषि विधिकरण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है।
- कृषि कास्तकार में शासन द्वारा पर्याप्त बजट नहीं कराया गया है।

fo"k; fo'y"k.k %& आजादी के पश्चात् कृषि विकास के क्षेत्र में पंचवर्षी योजनाओं के माध्यम से योजनाएं तैयार की गई है। मध्यप्रदेश में भी अपनी योजनाओं में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता में रखा गया है। इस क्षेत्र में शासन की योजनाओं को वृहद रूप में लागू कर तैयार कर आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। कृषि विभाग उद्योग विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए सम्भावित प्रयास किया गया है। उसी का परिणाम है कि मध्यप्रदेश आज कृषि क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश बन गया है। कृषकों में शिक्षा एवं जागरूकता तथा विभिन्न विधियों को अपनाएं जाने के कारण कृषि में पर्याप्त उन्नत हुई है। कृषि विपणन में भी सुधार होने के कारण कृषि उत्पाद को अपने उपज का उचित मूल्य प्राप्त होने लगा है। इसके लिए कृषि उपज मण्डियों की स्थापना की गई है। यहाँ पर कृषि उत्पादों को उचित मूल्य पर लेकर संचित रख–रखाव द्वारा सुरक्षित रखा जाता है तथा विभिन्न व्यावसायिक विक्रेताओं को उसकी बिक्री कर उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाता है।

मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन की पाँच वर्षों के दौरान बागवानी फसलों के क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता का विवरण प्रस्तुत है।

ifjdYiuk %&

lkj.kh Øekad&1
ckxokuh Qlyksa dk {ks=] mRiknu vkSj mRikndrk 2017&18
¼{ks=&ehVj] mRiknu&,e-Vh-] mit&eh-@Vu@gs- esa½

Ø-	o"kZ	{ks=	mRiknu	mRikndrk
1.	2013—14	24.5	280.8	11.46
2.	2014—15	23.2	277.7	11.96
3.	2015—16	25.5	286.2	11.68
4.	2016—17	24.8	300.6	12.10
5.	2017—18 (प्रपत्र अनुमानत:)	24.9	305.4	12.3

स्त्रोत – अर्थशास्त्र सर्वेक्षण के आधार पर

lkj.kh Øekad&2
izeq[k Qlyksa dk {ks=] mRiknu ,oa mit
¼{ks=&yk[k gS-] mRiknu&fefy;u Vu] mit&fdxzk-½

Qly& {ks= ¼yk[k gs-½	2014&15	2015&16	2016&17
चावल	441.10	724.99	431.94
गेहूँ	314.65	304.18	305.97
मोटा अनाज	251.70	243.89	247.72
दलहन	235.54	249.12	294.65
गन्ना	50.66	49.27	43.89
कपास	128.19	122.92	188.45
पटसन	8.10	7.82	7.66
Qly&mRiknu ¼fefy;u Vu esa½	2014&15	2015&16	2016&17
चावल	105.48	104.41	110.15
गेहूँ	86.53	92.29	98.38
मोटा अनाज	42.86	38.52	44.19
दलहन	17.15	16.35	22.95
गन्ना	362.38	348.45	306.72
कपास	34.80	30.01	33.09
पटसन	11.13	10.52	10.60
Qly&mit ¼fdyksxzke½	2014&15	2015&16	2016&17
चावल	2891	2400	2550
गेहूँ	2750	8034	3216

मोटा अनाज	1703	1579	1784
दलहन	728	656	779
गन्ना	71512	76720	69886
कपास	462	415	519
पटसन	2473	2421	2490

2017–18 के आधार पर
स्त्रोत– अर्थशास्त्र सर्वे के आधार पर

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि समय के साथ–साथ मध्यप्रदेश में कृषि उत्पादन की पर्याप्त वृद्धि हुई है। यद्यपि मौसम की प्रतिकूलता शासन द्वारा पर्याप्त सहायता न मिलना कृषिको की अज्ञानता एवं अन्य अवरोधों के कारण कृषि उत्पादन में उतार–चढ़ाव आता रहा है।

leL;k,a %& मध्यप्रदेश में कृषि विकास के साथ–साथ कृषि उन्नत में बाधाएँ भी आती है जिनमें प्रयुक्त रूप से अति एवं अल्प वर्षा, ओले, पाला, समय पर बोनी, कीटों का प्रकोप, उत्तम बीजों का अभाव कृषि यंत्रों का पर्याप्त प्रयोग न होना आदि कई प्रकार के दोष है।

lq>ko %&

- कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता के तौर पर और सतर्कता के साथ लिया जाना चाहिए।
- शासन को समय–समय पर कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषिको को प्रशिक्षण व सुझाव भी देना चाहिए।
- मौसम से बचाव, उत्तम बीच एवं खाद की आपूर्ति समय पर की जानी चाहिए।
- शासन द्वारा कृषकों को लिए विभिन्न संचार माध्यमों से प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए।
- भण्डारण व्यवस्था गाँव–गाँव में किया जाकर सुरक्षित भण्डार बनाये जाना चाहिए।
- तत्काल व्यापारियों को कृषि उत्पादन बेचकर कृषि उत्पादकों तक पहुँचाया जाना चाहिए।

fu"d"k %& कृषि मध्यप्रदेश की दृढ़ है इसकी उन्नत के लिए पर्याप्त प्रयास किये जाने चाहिए। कृषि की दशा बिगड़ जाने पर सम्पूर्ण आर्थिक दशा बिगड़ जाती है। अतः इसके लिए सतर्कता पूर्वक ध्यान दिया जाना चाहिए।

lanHkZ xzUFk lph %&

- मध्यप्रदेश एक सामान्य परिचय, 2018
- प्रतियोगिता दर्पण, दिसम्बर 2018
- इन्टरनेट

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019
A Monthly Journal of Multidisciplinary
International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

df"k ,o xkeh.k fodkl

Mk- jktdekj xkre
मार्गदर्शन, स. प्राध्यापक गों.से.अर्थ वाणिज्य (स्वशासी)
vkjrh vfgokj
शोधार्थी, पी.एच.डी.(वाणिज्य)

lkjka'k :– हमारे देश में कृषि विकास के बिना ग्रामीण विकास की अवधारणा एक स्वप्न की तरह है कृषि विश्व की समस्त मानव जाति मे जीवन के लिए आधारभूत एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति का अपरिहार्य आधार है। अति प्राचीन काल की सभ्यताओं से मिले अवशेषों से सिद्ध होता है कि भारत ही नही बल्कि विश्व की सभी सभ्यताओं एवं निवासियों की आजीविका का आधार कृषि ही रही है। यह कहने में कोई अति शंयोक्ति नही होगी कि कृषि का इतिहास मानव सभ्यता का इतिहास है इसी कारण कृषि को मानव सभ्यताओं की जननी कहा जाता है आज कृषि क्षेत्र में काफी को एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते है जिससे हम कृषि को एक व्यवसाय के रूप में अपना सकते है ग्रामीण विकास हेतु न केवल तकनीक का विकास करना बल्कि उसका प्रचार और प्रसार करना है स्तर पर कृषि भूमि संसाधन और ग्रामीण रोजगार से संबंधित तीन प्रमुख विभागों ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत इन तीन महत्वपूर्ण पहलों को संयुक्त रूप से अपनाया है ताकि इनका पहलों को संयुक्त रूप से अपनाया है ताकि इनका कियान्वयन साझा तौर पर हो जिससे विकास कार्यक्रमों का फायदा अंतत किसानों तक पहुंच सके।

भारत गांवो का देाा है और कृषि भारत की आत्मा है (महात्मा गांधी)

[kkt 'kCn – कृषि व ग्रामीण विकस पंचायती राज स्वसहायता समूह।

iLrkouk :– भारत कृषि प्रधान देश है जहां गांव के लोगो की आजीविका का साधन कृषि है भारत की प्राकृतिक दशा जलवायु तथा आधारित किया है मानव ने सबसे पहले अपनी आजीविका की खोज जमीन से की थी भारतीय कृषि केवल पेशा ही नही बल्कि जीवन थापन की प्रकिया है भारत में कृषि उत्पादन से बडें बडें उदोगों को संचालित किया जात है जिससे कृषि रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने रोजगार बनाए रखने तथा विदेशी अर्जित करने में अति महत्वपूर्ण है भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में जहां 68 प्रतिशत से ज्यादा आबादी ग्रामीण क्षे़त्रों में निवास करती है उत्पादकता बढाने और आर्थिक वृद्धि के लिए तकनीकी इनपुट वेहद आवश्यक है वर्षा जल का संग्रह कृषि वाले इलाकों में सिचाई के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना का स्तंभ समन्वित वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम को पानी और पर डॉप मोर कृषि पानी की हर बंद से अधिक फसल शामिल है आज भारत में छः लाख से अधिक गांव है जहां कुल आबादी को दो तिहाई हिस्सा रहता है जबकि स्वंतत्रता प्राप्ति के समय यहां देश की आबादी का लगभग 85 प्रतिशत शाब रहता था। शहरी कारण की बढती दर के अतिरिक्त शहरी आबादी मे लगातार वृद्धि के लिए ग्रामीण लोगों का बडे पैमाने पर शहरों में रोजगार के अवसरों ओर रोजगारा के अवसरों और रहन सहन की बेहतर जा सकता है अधिकांश गांवों में अभि भी बुनियादी सुविधाओं पानी सफाई व्यवस्था बिजली खाना पकाने की स्वच्छ उर्जा सडकों स्वास्थ्य शिक्षा संचार की कमी है महात्मागांधी ने अपनी ग्राम स्वराज्य की कल्पना मे कहा है वह एक ऐसा पूर्ण प्रजातंत्र होगा जो अपनी अहम जरूरतों के लिए अपने पडोसी पर भी निर्भर नही रहेगा और फिर बहुतेरी जरूरतों के लिए जिनमें दूसरे का सहयोग अनिवार्य होगा वह पस्पर सहयोग से काम लेगा उनकी ग्राम स्वराज की संकल्पना को बाद मे भारतीय संविधान निर्माताओं ने मूर्त रूप देने का प्रयास किया जिसका स्वरूप पंचवर्षीय योजनाओं पंचायती राज व्यवस्था राष्ट्रीय आय एंव रोजगार वृद्धि के कारकों में शक्तिशाली सिद्ध हुआ।

'kks/k d mnns'; :–

1. ग्रामीण विकास हेतु भारतीय किसानों को कृषि तकनीकों के माध्यम से प्रेरित करना।

2. कृषि विकास हेतु खेतों एवं फसलों के लिए विभिन्न प्रेरक तत्व मौजूद है इसका अध्ययन करना।

df"k o xkeh.k fodkl %& भारत असल मे अपने गांवो मे बसता है विगत वर्षो मे सरकार द्वारा कृषि व ग्रामीण विकास पर जोर देने का प्रयास किया गया फिर भी कृशि पर निर्भर व गांवो में बसने वाले लोग सुविधाओं की कमी से जूझ रहे है और उपयुक्त स्वास्थ व शैक्षिक सुविधाओं के साथ ग्रामीण व सामाजिक आधार मूल संरचना के संबंध में विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है वित मंत्री ने कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदुढ करने के लिए 2022 तक किसानों की आय दो गुनी करने की प्रधानमंत्री की इच्छा जो एक महत्वांकाक्षी लक्ष्य है कम लागत पर अधिक उत्पादन पर जोर दिया है 86 प्रतिशत से अधिक लघु व सीमांत किसानों के हितों का ध्यान रखने व 1290 करोड रू में निवेश के साथ 42 मेगा फुड पार्क की स्थापना हेतु मोजूदा 22000 ग्रामीण हाट को ग्रामीण कृषि बाजार में अपग्रेड करने की वित मंत्रालय की घोषणा से कृषि की उत्पादकता बढाने मे काफी मदद मिलेगी मत्स्य पालव व पशु पालन करने वाले किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करने के उनके कार्यशील पूंजी अपेक्षाओं को पूरा करने व उनकी आय बढानें में मदद मिलेगी ग्रामीण विकास हेतु निम्न क्षेत्रो में किए गए सरकारी प्रयास।

1. ग्रामीण आवास
2. ग्रामीण स्वच्छता
3. ग्रामीण नवोन्मेश
4. विपनण सहयोग
5. कौशल निर्माण के लिए व्यापक आयोजन

ipk;rh jkt %& भारतीय संविधान मे अनुच्छेद 40 में कहा गया है राज्य ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उसको ऐसी शक्तियॉ और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए इकाईयों के रूप में कर्ा करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो आजादी के बाद पंचायती राज व्यवस्था लागू करने के लिए वर्श 1952 में सामुदायिक विकास कार्यक्रम की स्थापना की गई किन्तु जागरूकता के अभाव में ग्रामीणों ने रूचि नही दिखाई 73 वां संविधान संशोधन पंचायती राज अधिनियम स्थानीय स्वशासन के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक घटना है।

पण्डित जवाहर लाल नेहरू के अनुसार यदि हमारी कृषि असफल हो जाती है तो हम असफल हो जायेगे सरकार असफल हो जागी राष्ट्र असफल हो जाएगा हमारे पास कोई आशा नही होगी सिवास इसके कि हमें कृषि को सफल बनाना है।

पंचायती राज संस्थाओं ने ग्रामीण उत्तरदायित्व की भावना को जागृत करने में योगदान दिया है केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं को स्थानीय स्तर पर लागू करने उससे अपेक्षित परिणाम दिखाने में पंचायते महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

Lolgk;rk leg %& राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अगले पांच वर्षो मे देश भर के निर्धन परिवारों को स्वरोजगार से जोडेगा आज देश की उकरोउ महिलाएॅ स्वसहायता समूहों से जुडकर इस कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार पा रही है। ग्रामीण विकास मंत्री ने छोटे छोटे ऋण देने वाली सूक्ष्म वित संस्थाओं के लिए कानूनी यप से प्रावधान किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि वे स्वसहायता समूहों के कामकाज पर कोई प्रभाव डाले बिना अपना काम ठीक से अंजाम दे सूक्ष्म वित संस्थाओं और स्वसहायता समूहों हुए वित्तीय समावेशन का रास्ता खुल सकता है स्वसहायता समूहों को राष्ट्रीय पुरूस्कार प्रदान करने का उददेश्य सामुदायिक संस्थानों के असाधारण प्रदर्शन को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना तथा समुदाय के गरीब सदस्यों में सम्मान की भावना जागृत करना है।

mi lgkj %& भारत देश कृषि प्रधान है जिसकी लगभग दो तिहाई आबादी गांवो में निवास करती है। कृषि विकास कार्यक्रमों एवं विभिन्न तकनीकों को सरकार द्वारा बढांवा देना चाहिए जिससे राष्ट्रीय आय मे वृद्वि के साथ साथ ग्रामीण जन विकसित हो सके मूलभूत सुविधाएॅ जैसे शिक्षा बिजली एवं विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामवासियों उपलब्ध कराना जिससे कृषि उत्पादन का स्तर बडें एवं ग्रामीण विकास समुचित स्तर पर हो प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समय समय पर फसलों का निरीक्षरण करना एवं ग्रामीण

विकास की योजनाओं का प्रभाव ग्रामीण में देखना चाहिए एवं विचार विमर्श किया जाना चाहिए।

lanHk xzFk %&

1. जसवाल आर.एस.(2001) क्षेत्रीय ग्रामीण बैकों द्वारा प्रदत्त कृषि साख का विश्लेषण महाकौशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के विशेष संदर्भ में पृष्ठ
2. मरावी सदन महिला सशक्तिकरण में संवैधानिक प्रावधान की भूमिका एक अध्ययन Vol 3 Nov 2016 पृष्ठ.स 39.41
3. योजना मार्च 2018 पृ.स.3–5
4. कुरूक्षेत्र ग्रामीण विकास को समर्पित जुलाई 2018
5. कुरूक्षेत्र नवम्बर 2018 पृ.सं. 54

ISSN : 2394-3580 **Swadeshi Research Foundation** Vol. – 6, No. - 4 Feb. 2019

A Monthly Journal of Multidisciplinary

International Peer Refereed, Review, Indexing & Impact factor-4.2 Research Journal

df"k ,oa i;kZoj.k

dq- jk/kk ikl h

शोधार्थी, गो. से. अर्थ वाणिजय महाविद्यालय (स्वशासी) जबलपुर

Mk- v'kksd lkuh

मार्गदर्शक, विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय, हवाबाग महिला महाविद्यालय, जबलपुर

Lkkjka'k %& कृषि आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है। क्योंकि यह खेती और पशुपालन के माध्यम से उत्पादों जैसे भोजन, खाद्य फाइबर और कई अन्य वांछित उतपादों का उतपादन करने की प्रकिया हे यह मानव उपयोग के लिए पौधों और जानवरों के विकास का प्रबंधन करने की एक कला है।

कृषि क्षेत्र में सुधार करके भी बेकारी की को कम किया जा सकता है सिंचाई साधनों में सुधार कृषि के यन्त्रीकरण, बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर, कृषकों को पर्याप्त सहायता व प्रशिक्षण देकर तथा कषकों को सहायक उद्योग–धन्धो (जैसे मछली पालन पशुपालन, मुर्गी पालन आदि) में प्रोत्साहन देकर कृषि के क्षेत्र में बेकारी को कम किया जा सकता है।

[kkst 'kCn %& कृषि एवं पर्यावरण विकास

iLrkouk %& कृषि भाब्द के लिए अंग्रेजी भाषा के ''एग्रीकल्चर'' ''फार्मिग'' और कल्टीवेशन जैसे व्यवहारवादी शब्दों का प्रयोग किया जाता है। विकास के प्रारंभिक चरण में कृषि जीवनयापन का ढंग मात्र होती थी परन्तु आज अनेक विकसित राष्ट्रों में कृषि खाद्यानों की पूर्ति के साथ–साथ उद्योगों को कच्चे मालों की पूर्ति के करती है अतः ऐसे देशों में कवि जीवन निर्वाहन स्तरकी सीढ़ी को पार करके औधोगिक व व्यापारिक स्वरूप प्राप्त कर चुकी है। विकासशील देशों में कृशि परम्परागत तकनीको पर की जाती है तथा कृषि का स्वरूप जीवन निर्वहन करना है। आम लोग कृषि के लिए खेती बारी शब्द का प्रयोग करते है। भारत गाँवों का देश है। और कृषि भारत की आत्मा है। ''भारत में कृषि की नयी–नयी तकनीकी बड़े नाटकीय रूप से सामने आयी प्रारम्भ से ही कृषि में परिवव्रन का प्रयास किये जा रहे है। कृषि की नयी तकनीकी के अन्तर्गत कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि प्राप्त करने हेतु उव्ररकों कीटनाशक, रसायनो एवं सिंचाइ साधनों का उपयोग किया जाने लगा है। इससे परिस्थितिकीय संतुलन विक्रत हो रहा है। कृषि उत्पादन में वृद्धि तो हो रही है। परन्तु इस वृद्धि की बहुत अधिक मात्रा में कीमत चुकानी पड़ रही है। भूमि की उर्वरक शक्ति का निरंतर क्षरण हो रहा है।

पर्यावरण शब्द दो शब्दों परि तथा आवरण से मिलकर बना है जिसमें परि शब्द का आशय चारों ओर से और आवरण शब्द का आशय घेरे या ढके हुए से होता है। अतः पर्यावरण से आशय मानव अथवा किसी जीवाधारी के चारा और पाये जाने वाले उस आवरण से है जिसमें रहकर जीव विशेष रूप से अपना जीवनयापन करना है। दूसरे शब्दों में पर्यावरण से आशय उस समूची भौतिक व जैविक व्यवस्था से है। जिसमें जीवधारी निवास करते है। तथा वृद्धि कर अपनी स्वाभाविक प्रवृतियों का विकास करते है। पृथ्वी मानव का निवास क्षेत्र है। मानव जाति पृथ्वी पर स्वयं अकेले जीवित नहीं रह सकती है। क्योंकि मानव को अपनी खाद्य एवं आवश्यकताओ के लिए पृथ्वी के अन्य जीवधारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। अतः हम केवल मानव के पर्यावरण का अध्ययन न कर पृथ्वी पर मिलने वाले समस्त जीवधारियों के पर्यावरण का अध्ययन करते है।

पर्यावरण का अंग्रेजी पर्याय Environment शब्द से फ्रांसीसी भाषा के शब्द Enviorer से बना है। जिसका आशय समस्त परिवेश या परिस्थिति की से होता है। Enviorer मे वे समस्त दशाये व प्रभाव सम्मिलित होता है। जो जैव जगत को प्रभावित करता है।

पर्यावरण मे ऐसे समस्त सामाजिक, जैविक तथा भौतिक या रासायनिक कारकों का योग होता है। जो मानव के परिवेश से संबंधित होते है। मानवीय परिवेश का प्रत्येक तत्व एक संसाधन के रूप में होता है। जिसको मानव द्वारा उन्नत जीवन स्तर को जीने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार से उपयोग किया जाता है।

मानव का तात्कालिक हित उन स्थानो से जुड़ा रहता है। जिन पर यह निवास करता है। वायु जिसमें हम सांस लेते है। आहार जिसे हम ग्रहण करते है जल–जिसे हम पीते है। तथा संसाधन जिन्हें हम अपनी अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ करने के लिए उपयोग में लाते है। पर्यावरण में समस्त भौतिक तथा जैविक परिस्थितियां सम्मिलित होती है। अतः पर्यावरण जीवों की क्रियाओं एवं प्रतिकियाओं को प्रभावित करने वाली समस्त भौतिक तथा जैविक परिस्थितियों का योग है। मिट्टी, जल, पौधो, वनस्पति खनिज आदि दशायें मानव को प्रभावित करती है। ये सभी पर्यावरण के अन्तर्गत सम्मिलित की जाती है।

mn~ns'; %&

1. कृषि में नयी–नयी तकनीको के प्रयोग का पर्यावरण पर प्रभाव।
2. पर्यावरण संरक्षण के लिए कृषि के नये नियमों की जानकारी प्राप्त करना।
3. कृषको को भू–संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करना।
4. पर्यावरण संरक्षण एवं जैविक खेती के लिए कृषको को जागरूक करना।

dfk i;kZoj.k %& कृषि एक ऐसी नवप्रवर्तन शैली और कृषि पद्धति है। जिसमें स्वदेशी जान के साथ–साथ आधुनिक ज्ञान, आधुनिक उपकरण तथा प्रत्येक पहलु जैसे खेत की तैयारी, खेत का चुनाव, खरपतवार नियंत्रण, पौधे संरक्षण फसलोत्तर प्रबंधन, फसल की कटाई आदि जैसी महत्वपूर्ण कृषि पद्धतियों के उपयोग का कृषि कहते है। इस तरह की कृशि में संसाधनों का अनुकूलन होता है। जिसमें किसानों की दक्षता और उत्पादकता बढ़ती है। कृषि ने ना तो केवल भोजन की सामर्थ्य तथा जैव ईधन का उत्पादन को बढ़ावा है लेकिन हमारी पर्यावरणीय समस्याओं को भी बढ़ाया है। क्योंकि इस कृषि पद्धति में ज्यादा उपज देनी वाली विविधता के बीज और प्रचुर मात्रा में सिंचाई, जल, उर्वरक और कीटनाशको का उपयोग है।

Hk&{kj.k %& भूमि के कणो का अपने मूल स्थान से हटने एवं दूसरे स्थान पर एक़ होने की क्रिया को भू–क्षण या मृदा अपरदन कहते है कृषि में अत्याधिक जल आपूर्ति के कारण खेत के ऊपर की उपजाऊ मिट्टी का निश्कासन होता है जिसके कारण मिट्टी के पोषक तत्वों में लगातार कमी आने लगती है। जिसकी वजह से मिट्टी की उर्वरकता एवं उत्पादन में कमी हो जाती है। यह ग्लोबल वार्मिंग को भी प्रभावित करता है। क्योंकि अत्याधिक जल की कमी के कारण मृदा कार्बन वायुमण्डल में उत्सर्जित हो जाता है।

भूमि जन का प्रदूशित होना %& भूमि, जल, सिचाई के लिए महत्वपूर्ण स्त्रोत में से एक है कृषि में अत्याधिक नाइट्रोजन उर्वरक के प्रयोग से भूमि में नाईट्रेट को बढ़ावा मिलता है जो भूमि जल को दूषित कर देता है। इससे गंभीर बीमारियां हो सकती है जो ज्यादातर शिशुओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

ty vkj yo.krk %& कृषि के लिए जल निकासी का उचित प्रबंध करना बहुत महत्वूपर्ण है। लेकिन किसान उत्पादकता बढ़ाने के चक्कर में अत्यधिक जल आपूर्ति करने लगते है। जिसके कारण जल–जमाव हो जाता है। जो मृदा की लवणता को बढ़ाता है। और इस वजह से मृदा की उत्पादकता में कमी हो जाती है। जब किसी जलाशय या जलश्रोत को कृत्रिम या गैर कृत्रिम पदार्थों जैसे नाइट्रेटस और फॉस्फेट से समृद्ध किया जाता है तो सुपोषण कहलाता है। इसके कारण जल में बायोमास अत्याधिक हो जाता है। जिसके कारण जल में आक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है।

dhVuk'kd dk mi;kx %& कीटनाशकों को नष्ट करने और फसल उतपादन को बचाने के लिए कई कीटनाशको का उपयोग किया जाता है पहले कीटों को मारने के लिए आर्सेनिक, सल्फर, सीसा और पारा का इस्तेमाल किया जाता था फिर बाद में कीटनाशक DDT का इस्तेमाल किया जाने लगा लेकिन यह हानिकारक कीट के साथ लाभकारी कीट को भी नष्ट कर देता था ये कीटनाशक बायोड़िग्रे डेबल होते है जो मानव के खाद्य श्रंखला में जुड़ जाते है जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है इसलिए आज के समय में कृषि के लिए जैविक खाद के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है।

इसलिए कृषि के लिए एग्रोनोमी के माध्यम से पौधों में संकरण कीटनाशको का इस्तेमाल और मिट्टी की उर्वरकता को बढ़ाने के लिए तकनीकी सुधार किये जा रहे है। जिससे कृषि उत्पादन को बढ़ाया जा सके

और साथ ही साथ मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

एक्वाकल्चर के संबंध में, कई फॉस्फेट उपकरण उपयोग में हैं, जिसमें मछली के खेतों के लिए एक पर्यावरण विश्लेषण ग्रिड शामिल है जो कुल फॉस्फोरस निर्वहन पर आधारित है। इस ग्रिड का मुख्य उद्देश्य जलीय प्राप्त वातावरण की भार क्षमता के आधार पर मछली की खेती में फास्फोरस के पर्याप्त प्रबंधन को प्राप्त करना है। इसके अलावा, जलीय कृषि कार्यों के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए, उपकरण उपयुक्त उपचार प्रणालियों और जलीय कृषि कीचड़ के पर्याप्त प्रबंधन के उपयोग के उद्देश्य से हैं। कुछ कृषि और जलीय कृषि गतिविधियाँ, जैसे मछली पालन और मछली पकड़ने के तालाब, जलीय पारिस्थितिक तंत्र के सामयिक या विसरित प्रदूषण के स्रोत हैं। प्रदूषण की मात्रा गतिविधि के प्रकार और ऑपरेशन के आकार और स्थान के अनुसार काफी भिन्न होती है। उदाहरण के लिए, कुछ कृषि गतिविधियों में प्रत्यक्ष (जैसेः दूषित निर्वहन) और /या अप्रत्यक्ष (जैसेः मिट्टी का क्षरण) पानी की गुणवत्ता की हानि पर प्रभाव डालता है। कृषि गतिविधियों का संचयी प्रभाव कभी.कभी दबाव उत्पन्न कर सकता है जो प्राकृतिक गतिशीलता को महत्वपूर्ण तरीकों से बदलकर पारिस्थितिक तंत्र भार क्षमता से अधिक हो जाता है।

mi lgkj %& भारत एक कृषि प्रधान देश है। जिसकी लगभग दो तिहाई आबादी गांवों में निवास करती है। कृषि विकास कार्यक्रमों एवं तकनीको को सरकार द्वारा बढ़ावा देना चाहिए। एक सतत विकास के परिप्रेक्ष्य में और पानी, मिट्टी और जैव विविधता जैसे संसाधनों को संरक्षित करने के लिए, प्राकृतिक वातावरण और कृषि और जलीय कृषि सहित आर्थिक गतिविधियों के विभिन्न क्षेत्रों के विकास के बीच संतुलन होना चाहिए।

lUnHk xzFk %&

श्रीवास्तव लोकेश पाण्डेय अर्चना श्रीवास्तव ज्योति मिश्र दिनेश कुमार पर्यावरणीय अध्ययन मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी
राठी आर.एल.आधुनिक पर्यावरण विधि यूनिवर्सिटी बुक हाउस प्रा.लि. जयपुर
जैन एस. सी. ग्रामीण एवं कृषि विपणन कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
जोशी रतन पर्यावरण अध्ययन साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
www.jagranjosh.com
http://www.environnement.gouv.qc.ca